गैरसैंण, सोमवार
4 अगस्त 2025
वर्षः 17
अंकः 94 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### पुरोला में फसलों को नुकसान पहुंचा रहे जंगली सूअर

उत्तरकाशी। पुरोला के ग्राम नेत्रि में इन दिनों जंगली सूअरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि काश्तकारों की मेहनत से उगाई गई धान, मंडुवा, चौलाई जैसी खरीफ फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। रात के अंधेरे में सूअरों के झुंड खेतों में घुसकर फसलों को रौंद देते हैं, जिससे किसान खासे परेशान हैं। ग्रामीण प्रेम सिंह, केंद्र सिंह, बलवंत सिंह, देवेंद्र सिंह सहित कई लोगों ने शनिवार को उपजिलाधिकारी पुरोला को ज्ञापन सौंपकर समस्या के तत्काल समाधान की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों के सामने आर्थिक संकट के साथ ही भूखमरी की समस्याएं खड़ी हो जाएंगी। ज्ञापन में कहा गया है कि जंगली सूअरों के झुंड फसलों को इतनी बुरी तरह नुकसान पहुंचा रहे हैं कि खेतों में बची–खुची फसल भी सुरक्षित नहीं है। किसानों का कहना है कि सालभर की मेहनत और लागत का पूरा नुकसान हो चुका है, जिससे कर्ज और आर्थिक संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जंगली सूअरों को नियंत्रित करने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाए जाएं, प्रभावित क्षेत्रों का मौके पर सर्वे कर किसानों को फसल क्षति का उचित मुआवजा दिया जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### काम के दौरान करंट लगने से मजदूर की मौत

रुद्रपुर। राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर में शनिवार शाम निर्माण कार्य के दौरान करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। वह बिहार का रहने वाला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक, 35 वर्षीय मुजफ्फर अंसारी पुत्र जलील अहमद निवासी ग्राम कनहरिया पोस्ट डगरूआ जिला पूर्णिया बिहार एक माह से जीएमटी बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर कंपनी के साथ जुड़कर राजकीय मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर के निर्माण कार्य में लगा था। शनिवार शाम काम करने के दौरान अचानक मुजफ्फर करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर उसके रिश्तेदार जिला अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है कि मुजफ्फर तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और परिवार का मुख्य सहारा वही था। उसकी 12 साल की एक बेटी और 10 व 6 साल के दो बेटे हैं, जो अपने ननिहाल में मां और दादी के साथ रहते हैं। पंतनगर थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### 360 अभ्यार्थियों ने छोड़ी आरक्षी भर्ती परीक्षा

रुद्रपुर। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित आरक्षी जनपदीय पुलिस (पुरुष), आरक्षी पीएसी/आइआरबी (पुरुष) पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराई गई। रुद्रपुर के कुल आठ परीक्षा केंद्रों में 3,304 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 360 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए कुल 3,664 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा केंद्रों में आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पंतनगर में 384 में से 350, अमर इंटरनेशनल स्कूल भूरारानी में 432 में से 411, आर्य कन्या इंटर कॉलेज में 476, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फाजलपुर महरोला में 312 में से 293, जनता इंटर कॉलेज में 600 में से 565, अटल उत्कर्ष एएनझा इंटर कॉलेज में 480 में से 443, रुद्रपुर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में 500 में से 419, सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में 480 में से 386 अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

### आपदा कर्मचारी को बदमाशों ने मारी गोली, हालत गंभीर

हरिद्वार। गांव बिशनपुर के नजदीक आपदा कर्मचारी को अज्ञात बदमाश गोली मारकर फरार हो गए। राहगीरों की मदद से कर्मचारी को जगजीतपुर के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पथरी पुलिस ने मौके पर ग्रामीणों से पूछताछ कर जांच शुरू कर दी है।

## अचानक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने पहुंचे पीएम मोदी



नई दिल्ली ,। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया प्लेट-फॉर्म ' इस मुलाकात की एक तस्वीर साझा कर इसकी जानकारी दी।

हालांकि, इस मुलाकात का कोई आधिकारिक विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं कराया गया, लेकिन संसद में जारी गतिरोध और अमेरिका से मिल रही व्यापारिक धमकियों के बीच हुई इस बैठक को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के बीच यह मुलाकात संसद के मानसून सत्र में चल रहे गतिरोध की पृष्ठभूमि में हुई है। विपक्ष बिहार विधानसभा चुनावों से ठीक पहले राज्य में हो रहे विशेष गहन पुनरीक्षण और 'ऑपरेशन सिंदूरझ् जैसे मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर अड़ा हुआ है। 21 जुलाई को शुरू हुए मानसून सत्र में इन मांगों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार तकरार देखने को मिली है, जिसके चलते दोनों सदनों में कामकाज लगभग ठप है। यह मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ और जुर्माना लगाने की घोषणा के कुछ ही दिनों बाद हुई है।

### मछली मार रहे ग्रामीणों पर फायरिंग, छर्रे लगने से छह घायल

रुद्रपुर। ग्रामसभा गोठा बनकुइयां में रविवार दोपहर खेतों के आसपास मछली मार रहे ग्रामीणों पर हथियारबंद लोगों ने फायरिंग कर दी। इसमें छह ग्रामीण छर्रे लगने से घायल हो गए। घायलों को उप जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार देने के बाद एसटीएच हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है। वहीं ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। रविवार दोपहर ग्रामसभा गोठा बनकुइयां में बैगुल नदी के निकट खेतों के आसपास कई ग्रामीण जाल लगाकर मछली मार रहे थे। अचानक सात–आठ लोग मौके पर पहुंचे। कहासुनी के बाद हथियाबंद लोगों ने फायर झोंक दिए। ग्रामीणों के अनुसार, दो हथियारबंद लोगों ने चार फायर झोंके। इसमें छह लोगों को छर्रे लगे। घायलों को उप जिला चिकित्सालय लाया गया। इसमें आजाद कुमार पुत्र सीताराम, अजय कुमार पुत्र दर्शनानंद, रेशम सिंह पुत्र खजान सिंह, ब्रजेश कुमार पुत्र गुजेश्वर, रेशम सिंह पुत्र खजान सिंह, बृजेश कुमार पुत्र बृजेश्वर प्रसाद, राजेश कुमार पुत्र ददीबल, संजय पुत्र राम अवतार निवासी ग्रामसभा बनकुइयां गोठा शामिल हैं। अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डॉ कुलदीप यादव ने बताया कि छर्रे रगड़ खाकर निकल गए। कुछ छर्रे लगे दिख रहे हैं। सभी छह घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर किया गया है। वहीं ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने एक आरोपी को मौके पर पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि अन्य फरार हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि चार लोग हथियाबंद थे, जिनमें दो ने फायर झोंके। घटना की सूचना मिलते ही किसान नेता योगेंद्र सिंह यादव, सतेंद्र कुमार समेत ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए।

## कुंभीचौड़ से लापता हुए बच्चे का खोह नदी में मिला शव

**शनिवार शाम कुंभीचौड़ चौराहे से लापता हुआ था बच्चा**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः शनिवार शाम कुंभीचौड़ चौराहे से लापता हुए बच्चे का रविवार शाम खोह नदी से शव बरामद हुआ। बच्चे के लापता होने के बाद स्वजन उसकी लगातार तलाश कर रहे थे। बकायदा इस संबंध में पुलिस को अपहरण की तहरीर भी दी गई थी। रविवार सुबह स्वजनों व स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कोतवाली में भी प्रदर्शन किया था। आरोप था कि अपहरण का मुकदमा दर्ज करने के बाद भी पुलिस ने बच्चे की तलाश के लिए गंभीरता नहीं दिखा रही।

कुंभीचौड़ निवासी मयंक रावत 11 वर्ष पुत्र प्रदीप रावत शनिवार करीब छह बजे कुंभीचौड़ चौराहे में अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। देर शाम अन्य दोस्त



फाइल फोटो मयंक

तो अपने घर पहुंच गए। लेकिन, मयंक देर रात तक भी घर नहीं पहुंचे। जिसके बाद उसके परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी। स्वजनों ने जब मयंक के दोस्तों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि मयंक को एक स्कूटी में सवार दो व्यक्ति अपने साथ लेकर चले गए हैं। अपहरण का अंदेशा जताते हुए स्वजनों ने देर रात कोतवाली में पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी थी। सोमवार सुबह दस बजे तक भी बच्चे का पता नहीं चलने से आक्रोशित स्वजन व स्थानीय लोग कोतवाली में पहुंचे और पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि अपहरण का मुकदमा दर्ज करने के बाद भी पुलिस ने बच्चे की तलाश को गंभीरता नहीं दिखा रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने लोगों को जल्द ही बच्चे की बरामदगी का आश्वासन दिया। जिसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। वहीं, रविवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे कुछ स्थानीय लोगों को काशीरामपुर तल्ला गुल्लर पुल के समीप खोह नदी में बच्चे का शव दिखाई दिया। मौके पर पहुंचे मयंक के स्वजनों ने शव की पहचान की। साथ ही पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए उसे मोर्चरी में रखवाया। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि बच्चे के शव पर चोट का कोई निशान नहीं है। बताया कि प्रथम द्दष्टया मंयक की मौत पानी में डूबने से प्रतीत हो रही है। लेकिन, पोस्टमार्टम के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट होगी।

### इंटर कालेज का छात्र भी लापता

राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में कक्षा सात में पढ़ने वाला एक अन्य बालक भी लापता चल रहा है। बालक कौड़िया में रहता है। लापता बच्चे के पिता सतीश कुमार ने बताया कि उसका पुत्र अरूण कुमार उर्फ अक्षय कुमार रोजाना की तरह राजकीय इंटर कालेज में पढ़ने गया था।, लेकिन शनिवार को स्कूल आने के बाद वह घर वापिस नहीं लौटा, स्वजनों ने बच्चे की खोजबीन भी की गई। लेकिन बच्चे का कोई सुराग नहीं लग पा रहा है। स्वजनों ने कोतवाली में बच्चे की गुमशुदगी दर्ज करवा दी है।

## स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों का प्रयोग करें सभीः धामी

**सीएम धामी ने सिंचाई विभाग एवं परिवहन निगम के कुल 187 विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों / आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किए**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए सिंचाई विभाग के विभिन्न पदों पर चयनित 144 अभ्यर्थियों एवं उत्तराखण्ड परिवहन निगम में मृतक आश्रित कोटे के अंतर्गत 43 पात्र आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस प्रकार मुख्यमंत्री ने कुल 187 विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों / आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए चयनित अभ्यर्थियों से ईमानदारी, निष्ठा, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने लंबे समय से लंबित दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को भी नियुक्तियां देने का काम किया है। बीते वर्ष 150 आश्रितों और आज शेष 43 पात्र आश्रितों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया राज्य सरकार के प्रयासों से 2024 में निगम ने रिकॉर्ड 56 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ अर्जित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राज्य में भर्तियों में भारी पक्षपात, धांधली और भ्रष्टाचार हुआ करता था। राज्य सरकार ने युवाओं की समस्या को देखते हुए देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून लागू किया। अब राज्य में भर्तियां पूरी पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे योग्य उम्मीदवारों को उनके कौशल और परिश्रम का पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया बीते साढ़े 3 वर्ष में प्रदेश के 23 हजार से अधिक युवा सरकारी नौकरी पाने में सफल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया है। अब भ्रष्टाचार के मामलों में किसी को नहीं छोड़ा जाता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों का उपयोग



करने का आग्रह किया है। उन्होंने भी प्रदेशवासियों से स्वदेशी और लोकल उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कहा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारा संकल्प और भी सशक्त होना चाहिए। उन्होंने कहा देवभूमि उत्तराखंड, पीएम के आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा सिंचाई विभाग में चयनित अभ्यर्थी सिंचाई परियोजनाओं के नक्शों और डिज़ाइनों का निर्माण करने के साथ ही भविष्य के विकास की रूपरेखा भी तैयार करते हैं। हमारे राज्य में निरंतर सिंचाई योजनाओं का विस्तार किया जा रहा है। आज चयनित अभ्यर्थी सिंचाई परियोजनाओं के वे जमीनी स्तंभ हैं, जो अपनी तकनीकी कुशलता से किसानों के खेतों तक जल पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा सभी चयनित युवाओं में कई राज्य आंदोलनकारी क्षैतिज आरक्षण कोटे के तहत भी चयनित हुए। जो सभी के लिए हर्ष का विषय है।

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के घर को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस विभाग में हड़कंप

नागपुर ,केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित आवास को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। रविवार सुबह पुलिस कंट्रोल रूम को यह धमकी भरा फोन आया, जिसके बाद पुलिस तुरंत हरकत में आई। हालांकि, कुछ ही घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह 8 बजकर 46 मिनट पर पुलिस कंट्रोल रूम के आपातकालीन नंबर 112 पर एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर नितिन गडकरी के घर को बम से उड़ाने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कंट्रोल रूम ने तत्काल स्थानीय प्रतापनगर पुलिस थाने को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड के साथ नितिन गडकरी के आवास पर पहुंचीं। पुलिस ने पूरे घर और आसपास के इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया और सुरक्षा बढ़ा दी। राहत की बात यह है कि तलाशी में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर फोन करने वाले की लोकेशन ट्रेस करना शुरू कर दिया। कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने आरोपी को नागपुर के बीमा दवाखाना के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान उमेश विष्णु राउत के रूप में हुई है, जो मेडिकल चौक स्थित एक देसी शराब की दुकान पर काम करता है।

## बिजली के खंभे से टकराई अनियंत्रित कार, बड़ी दुर्घटना टली



**– कार से गिरे खंभे की चपेट में आया बाइक सवार**

विकासनगर। धर्मावाला में रविवार को एक कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर लगते ही कार के एयरबैग खुल गए, जिससे कार चालक की जान बच गई। हादसे में बिजली का खंभा टूट गया है। कार से गिरे खंभे की चपेट में एक बाइक सवार आ गया, जिसने बाइक से कूदकर अपनी जान बताई। बिजली का खंबा टूटने से कुछ देर के लिए आसपास के क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति भी ठप हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार में एयरबैग खुलने से चालक की जान बच गई, जबकि खंभे की चपेट में आया बाइक सवार अपनी सूझबूझ से बच गया। हादसे में कार चालक और बाइक सवार को हल्की चोटें आई, जिन्हें स्वामी विवेकानंद अस्पताल धर्मावाला में मरहम पट्टी करने के बाद घर भेज दिया गया। उधर, सहसपुर कोतवाल शंकर बिष्ट ने बताया कि धर्मावाला में कार के बिजली के खंभे से टकराने की सूचना मिली थी, लेकिन पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले कार चालक और बाइक सवार दोनों जा चुके थे। दुर्घटना में किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई।

## महाराज ने केन्द्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत से की शिष्टाचार भेंट

**पर्यटन क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं के लिए मांगा सहयोग**

देहरादून। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट कर पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश में हो रहे कार्यों से उन्हें अवगत कराते हुए भावी योजनाओं पर भी चर्चा की। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को देहरादून लक्ष्मी रोड़ स्थित एक निजी आवास पर पहुंचे केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट कर राज्य में पर्यटन एवं संस्कृति के क्षेत्र में हो रहे विभिन्न कार्यों से उन्हें अवगत कराते हुए उत्तराखंड को विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए भावी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से पर्यटन के क्षेत्र में



अवस्थापना सुविधाओं को बढाने का अनुरोध करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार शीतकालीन चारधाम यात्रा को बढावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसलिए राज्य को केंद्र की ओर से अधिक से अधिक मदद दी जाये। श्री महाराज ने केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को बताया कि राज्य को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के अलावा पर्यटन के क्षेत्र में सरकार द्वारा कई योजनाएं और पहलें की गई हैं, जिनका उद्देश्य राज्य में पर्यटन को बढावा देना और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

### ट्रिपल सुसाइड से मचा हड़कंप, एक ही परिवार के 3 सदस्यों ने फंदे से झूलकर दी जान

रांची , झारखंड की राजधानी रांची से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक ही परिवार के तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के लात्मा रोड स्थित चोरियां इलाके की है। मृतकों में एक महिला और उसके बेटा–बेटी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, इस सामूहिक आत्महत्या की वजह पति–पत्नी के बीच हुआ विवाद माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि जगन्नाथपुर इलाके में एक घर में तीन लोगों ने आत्महत्या कर ली है। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो कमरे का द्दश्य दिल दहलाने वाला था। महिला और उसके दोनों बच्चों के शव एक ही कमरे में फांसी के फंदे से लटके हुए थे। पुलिस ने तीनों शवों को नीचे उतारा और जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम को भी मौके पर बुलाया। पुलिस की प्रारंभिक जांच और परिजनों से पूछताछ में यह बात सामने आई है कि महिला का अपने पति से किसी बात को लेकर अक्सर विवाद होता था।

## महाराष्ट्र में फर्जी करेंसी रैकेट का पर्दाफाश, 60 लाख के नोट जब्त

अहिल्यानगर ,महाराष्ट्र के अहिल्यानगर नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली नोटों की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 60 लाख रुपए के नकली नोट जब्त किए हैं और इस मामले में 7 लोगों को हिरासत में भी लिया है।अहिल्यानगर तालुका पुलिस ने ये कार्रवाई छत्रपति संभाजीनगर में की है। यहां नकली नोट छापने वाली एक फैक्ट्री चल रही थी। पुलिस की कार्रवाई में 500 की करेंसी वाले 60 लाख रुपए के नकली नोट और 2 करोड़ 16 लाख रुपए के नोट छापने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कागज बरामद किए हैं। इसके अलावा, 88 लाख रुपए मूल्य का अन्य सामान भी जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि नगर तालुका क्षेत्र में दो युवक रोजाना एक पान की दुकान पर 500 रुपए के नकली नोट देकर 100 रुपए की



सिगरेट खरीदते थे और बाकी 400 रुपए लेकर चले जाते थे। इस जानकारी के आधार पर पुलिस निरीक्षक प्रल्हाद गीते की टीम ने निखिल गांगुर्डे और सोमनाथ शिंदे को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 80 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए गए। एसपी सोमनाथ घार्गे ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस निरीक्षक प्रल्हाद गीते को दो युवकों के बारे में पता चला था, जो एक पान की दुकान पर जाकर नकली नोट चलाते थे। इस सूचना के बाद दोनों युवकों को हिरासत में लिया गया। साथ ही उनसे पूछताछ के आधार पर पता चला कि इस गिरोह में और भी लोग शामिल हैं। उन्होंने कहा, पुलिस पूछताछ में दोनों ने बताया कि छत्रपति संभाजीनगर में नकली नोट छापने वाली फैक्ट्री चल रही है। पुलिस ने तुरंत वहां छापा मारकर प्रिंटर, स्कैनर, रंग, कटर और अन्य सामान जब्त किया। फैक्ट्री से 60 लाख रुपए के नकली नोट और 2 करोड़ 16 लाख रुपए के नोट छापने वाले कागज भी बरामद किए हैं। एसपी ने बताया कि फैक्ट्री से 88 लाख रुपए मूल्य का अन्य सामान भी जब्त किया गया है। साथ ही मामले का भंडाफोड़ करते हुए 7 लोगों को हिरासत में लिया है।

## लोकसभा चुनाव में धांधली के आरोपों के बीच 'इंडिया की अहम बैठक

**7 अगस्त को राहुल गांधी के घर डिनर पर बनेगी रणनीति**

नई दिल्ली , विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) की अगली महत्वपूर्ण बैठक 7 अगस्त को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवास पर होगी। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक डिनर पर आयोजित की जाएगी, जिसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा और आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। यह बैठक राहुल गांधी के उस हालिया आरोप के बाद हो रही है, जिसमें



उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों में लगभग 70–80 सीटों पर धांधली का दावा किया था। सूत्रों के अनुसार, बैठक में चर्चा के लिए कई प्रमुख मुद्दे रखे गए हैं। इनमें राहुल गांधी द्वारा उठाए गए चुनावी धांधली के आरोप के अलावा बिहार में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया, महाराष्ट्र में फर्जी वोटर जोड़े जाने के आरोप, 'ऑपरेशन सिंदूरझ्, भारत–अमेरिका व्यापार समझौता और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से संभावित टैरिफ (शुल्क) की धमकियां शामिल हैं।

इससे पहले 'इंडिया गठबंधन की बैठक 19 जुलाई को वर्चुअल माध्यम से हुई थी, जिसमें 24 से अधिक दलों के नेता शामिल हुए थे। इनमें एनसीपी–एसपी प्रमुख शरद पवार, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे जैसे कई दिग्गज मौजूद थे। इस बार 7 अगस्त की बैठक के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के संरक्षक फारूक अब्दुल्ला ने भी शामिल होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि वे बैठक में बिहार की एसआईआर प्रक्रिया का मुद्दा उठाएंगे, जिसे उनके अनुसार, भाजपा–जेडीयू गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

### खालिस्तानी आतंकियों पर विदेशी धरती पर भी कसेगा शिकंजा

नई दिल्ली ,केंद्र सरकार अब विदेशों में पनाह लिए बैठे खालिस्तानी आतंकियों और उनसे जुड़े गैंगस्टरों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर विदेश मंत्रालय (रूश्व) जल्द ही अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत कई यूरोपीय देशों को औपचारिक तौर पर सूचित करेगा कि भारत के कई वांछित खालिस्तानी आतंकी इन देशों में फर्जी पासपोर्ट और नकली पहचान पत्रों के सहारे छिपे हुए हैं। सरकार अब इन देशों पर आतंकियों को भारत को सौंपने के लिए कूटनीतिक दबाव बनाएगी। इस रणनीति के तहत उन भगोड़ों को निशाना बनाया जाएगा जो भारतीय कानून से बचने के लिए नकली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर विदेश भागे हैं। यह मुद्दा हाल ही में दिल्ली में आयोजित इंटेलिजेंस ब्यूरो (द्बक्) की दो दिवसीय राष्ट्रीय सुरक्षा कॉन्फ्रेंस में भी प्रमुखता से उठा था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों की पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया था कि वे ऐसे खालिस्तानी आतंकियों और गैंगस्टरों की एक विस्तृत सूची तैयार करें, जिन्होंने नकली दस्तावेजों के आधार पर विदेशों में शरण ले रखी है।

## स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा फैसला : 35 आवश्यक दवाओं की कीमतें घटीं

नई दिल्ली , मरीजों के लिए दवाओं को अधिक किफायती बनाने की दिशा में राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने प्रमुख दवा कंपनियों द्वारा बेची जाने वाली 35 आवश्यक दवाओं की खुदरा कीमतों में कटौती की है। अब कम कीमत वाले इन फॉर्मूले में हृदय–संबंधी, एंटीबायोटिक, मधुमेह–रोधी और मानसिक रोगों से संबंधित दवाओं सहित कई प्रकार की दवाएं शामिल हैं। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने एनपीपीए द्वारा मूल्य विनियमन के आधार पर इस आदेश को अधिसूचित किया है। सभी दवाओं पर लागू होने वाली कीमतों में कटौती से उपभोक्ताओं, विशेष रूप से पुरानी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है। प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के अंतर्गत आने वाले प्रमुख फॉर्मूले में एसिक्लोफेनाक, पैरासिटामोल और ट्रिप्सिन



काइमोट्रिप्सिन, एमोक्सिसिलिन और पोटेशियम क्लैवुलनेट के फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन, एटोरवास्टेटिन कॉम्बिनेशन और एम्पैग्लिफ्लोजिन, सिटाग्लिप्टिन और मेटफॉर्मिन जैसे नए ओरल एंटीडायबिटिक कॉम्बिनेशन शामिल हैं। अकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स द्वारा निर्मित और डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज द्वारा विपणन की जाने वाली एक एसीक्लोफेनाक–पैरासिटामोल–ट्रिप्सिन काइमोट्रिप्सिन टैबलेट की कीमत अब 13 रुपए तय की गई है,

## सम्पादकीय

# शिकायतों पर कारवाई

उत्तराखंड में "गुड गवर्नेस" की दिशा में धामी सरकार कड़े फैसले ले रही है। प्रदेश के नागरिकों की जन समस्याओं के निपटारे की जिम्मेदारी सरकार और उसके कर्मचारियों की है लेकिन अक्सर शिकायतों की अनदेखी करने के कारण प्रतिवेदन के मामले बढ़ते ही चले जाते हैं। यूं तो सरकार अपने नागरिकों की समस्याओं को दूर करने के लिए समय–समय पर अधिकारियों को कैंप लगाने के लिए निर्देशित करती है लेकिन बहुधा देखा गया है कि इस प्रकार के कैंप और अभियान औपचारिकताओं से आगे नहीं बढ़ पाते हैं। शिकायतों का अंबार लगने के बावजूद निराकरण नहीं होते जिससे शिकायतकर्ताओं का व्यवस्थाओं से विश्वास उठने लगता है। इधर उत्तराखंड में नागरिकों की विभिन्न शिकायतों एवं समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन का गठन किया गया है जिसमें ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर एक टीम इन शिकायतों को संबंधित विभागों तक पहुंचाती है हालांकि यहां भी शिकायतों की निराकरण का एक सीमित पैमाना है लेकिन जिस प्रकार से प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं व्यक्तिगत तौर पर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से जुड़ी शिकायतों का फीडबैक लेते हैं वह काबिले तारीफ है। यह एक अच्छी पहल है कि मुख्यमंत्री स्तर पर शिकायत करने वालों से वह फोन पर संवाद भी करते हैं और शिकायत का निराकरण न होने की दशा में मौके पर ही अधिकारियों व विभागों को निर्देशित भी करते हैं। इस प्रक्रिया को एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया बनाना होगा और मुख्यमंत्री को इसमें एक ऐसे अधिकारी की तैनाती करनी होगी जो नियमित तौर पर आवेदनों के संदर्भ में विभागों से समन्वय स्थापित करें एवं परिणाम भी मांगे। मुख्यमंत्री की व्यवस्तता के कारण अपनी को सीमाएं हैं और इन परिस्थितियों में एक मजबूत शिकायत निवारण टीम गठित की जानी चाहिए। उत्तराखंड में ऐसे तमाम सुदूर क्षेत्र हैं जहां लोगों की समस्याएं वर्षों तक सुनवाई से वंचित रह जाती है। ऐसी परिस्थितियों में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन प्रदेश के लोगों के लिए एक मजबूत माध्यम बनकर सामने आई है। हालांकि शिकायतों का अंबार बहुत ज्यादा है और निराकरण की गति बेहद धीमी है लेकिन इसके बावजूद इस पहल की सराहना की जानी चाहिए और उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और तीव्र गति से जन समस्याओं का निराकरण करने में कामयाब साबित होगी। यहां अधिकारियों की भूमिका भी शासन को निश्चित करनी होगी जो विभागों में आने वाले आवेदनों को नजरअंदाज करते हैं, जिस कारण बाद में ऐसी ही शिकायतें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में रजिस्टर कराई जाती है। ऐसी शिकायतों को भी सूचीबद्ध करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। गुड गवर्नेस की दिशा में अच्छी बात यह है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल में आने वाली शिकायतों का संज्ञान लेते रहते हैं।

# बहुभाषी, समावेशी शिक्षा अब व्यापक स्तर पर होगी साकार

**धर्मेन्द्र प्रधान**


एनईपी के पाँच वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि भाषा के चयन से लेकर कौशल पर बल तक, इसकी अवधारणाओं ने कक्षा के अनुभव को मूल रूप से बदलदिया है

2020 में भारत ने केवल एक नई नीति नहीं अपनाई, बल्कि एक प्राचीन आदर्श को फिर से जीवंत किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने सीखने को राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया और इसे हमारी सभ्यतागत परंपराओं से जोड़ा। स्वर्गीय डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी के नेतृत्व में तैयार की गई यह नीति इतिहास की सबसे व्यापक जन–सहभागिता वाली नीति–निर्माण प्रक्रिया में से एक थी। यह एक ऐसा दूरदर्शी रूपरेखा थी जो सांस्कृतिक मूल्यों में निहित था। यह एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था की कल्पना थी जो रटने की प्रवृत्ति, कठोर ढाँचों और भाषाई ऊँच–नीच से परे हो–समावेशी, सर्वांगीण और भविष्य के लिए तैयार।

पाँच वर्षों में एनईपी का असर केवल नीतियों तक नहीं, बल्कि कक्षाओं तक स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अब प्राथमिक कक्षाओं में खेल आधारित शिक्षण, रटने की पद्धति की जगह ले चुका है; बच्चे अपनी मातृभाषा में सहजता से पढ़ रहे हैं; छठी कक्षा के विद्यार्थी व्यावसायिक प्रयोगशालाओं में हाथों–हाथ कौशल सीख रहे हैं। अनुसंधान संस्थानों में भारत का पारंपरिक ज्ञान आधुनिक विज्ञान के साथ संवाद कर रहा है। एनईपी की सोच एसटीईएम क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और वैश्विक मंचों पर भारतीय संस्थानों की उपस्थिति में भी झलकती है।

निपुण भारत मिशन ने बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को कक्षा 2 तक सुनिश्चित किया है। एएसईआर 2024 और परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 जैसी रिपोर्टों में यह प्रगति परिलक्षित होती है–आज की कक्षाएं जिज्ञासा और समझ का केंद्र बन चुकी हैं। विद्या प्रवेश और बालवाटिका जैसी पहलें अब प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा को व्यवस्थित रूप से एकीकृत कर रही हैं। 22 भारतीय भाषाओं में जादुई पिटारा और ई–जादुई पिटारा, नई पीढ़ी की पाठ्यपुस्तकों के साथ, शिक्षा को रुचिकर बना रहे हैं। निष्ठा प्रशिक्षण के माध्यम से 14 लाख से अधिक शिक्षक प्रशिक्षित हो चुके हैं और दीक्षा जैसे प्लेटफॉर्म शिक्षण सामग्री को देशभर में सुलभ बना रहे हैं।

एनईपी ने यह स्पष्ट किया कि भाषा कोई बाधा नहीं, बल्कि सशक्तिकरण का माध्यम है। 117 भाषाओं में प्राइमर विकसित किए गए हैं और भारतीय सांकेतिक भाषा को एक विषय के रूप में शामिल किया गया है। भारतीय भाषा पुस्तक योजना और राष्ट्रीय डिजिटल भंडार (राष्ट्रीय डिजिटल डिपॉजिटरी) भारतीय ज्ञान प्रणालियों के लिए जैसी योजनाएं भाषाई और सांस्कृतिक ज्ञान को



लोकतांत्रिक बना रही हैं।राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) और कक्षा 1 से 8 की नई किताबें अब जारी हो चुकी हैं। प्रेरणा एक सेतु कार्यक्रम है जो छात्रों को नई पाठ्यचर्या में सहजता से ढालने के लिए मार्गदर्शन करता है, ताकि वे अभिभूत न हों, बल्कि हर चरण में सहयोग प्राप्त करें।समग्र शिक्षा और पीएम पोषण जैसी योजनाओं ने लगभग सार्वभौमिक नामांकन को संभव बनाया है। एनईपी का प्रभाव वंचित समूहों तक भी पहुँचा है। 5,138 से अधिक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 7.12 लाख से अधिक वंचित समुदायों की बालिकाएं नामांकित हैं। धर्ती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 692 और पीवीटीजी छात्रों के लिए 490 से अधिक छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं। प्रशस्त कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांगता की पहचान कर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक समावेशी व सशक्त बनाया गया है।एनईपी 2020 के परिवर्तन का एक प्रमुख स्तंभ हैं 14,500 पीएम–स्कूल, जो आधुनिक, समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल हैं। ये विद्यालय एनईपी के विजन के अनुरूप आदर्श मॉडल स्कूल बन रहे हैं, जो बुनियादी ढाँचे और शिक्षण पद्धति दोनों को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं। विद्यांजलि प्लेटफॉर्म ने 8.2 लाख स्कूलों को 5.3 लाख से अधिक स्वयंसेवकों और 2,000 सीएसआर पार्टनर्स से जोड़ा है, जिससे 1.7 करोड़ छात्रों को सीधा लाभ मिला है।

उच्च शिक्षा में कुल नामांकन 3.42 करोड़ से बढ़कर 4.46 करोड़ हो गया है–30.5त्न की बढ़ोत्तरी। इनमें लगभग 48त्न छात्राएं हैं। महिला पीएचडी नामांकन 0.48 लाख से बढ़कर 1.12 लाख हो गया है। एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक छात्रों का बढ़ता नामांकन उच्च शिक्षा में समावेशिता का ऐतिहासिक संकेत है। महिला जीईआर लगातार छह वर्षों से पुरुषों से अधिक रहा है।मल्टीपल एंट्री–एग्जिट, अकादमिक क्रेडिट बैंक, और राष्ट्रीय ऋण ढांचा जैसे नवाचारों ने शिक्षा को विकल्पों से भरपूर और छात्र–केंद्रित बनाया है। 21.12 करोड़ अपार आईडी उपलब्ध कराई गईहैं। 153 विश्वविद्यालयों में मल्टीपल एंट्री और 74 में एग्जिट विकल्प उपलब्ध हैं–अब सीखना क्रमबद्ध नहीं, बल्कि मॉड्यूलर है।एनईपी के अनुसंधान और नवाचार पर ज़ोर ने भारत के वैश्विक नवाचार सूचकांक को 81वें स्थान से 39वें तक पहुंचाया है। 400 से अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों में 18,000 से अधिक स्टार्टअप इनक्यूबेट किए गए हैं। अनुसंधान एनआरएफ, पीएमआरएफ 2.0, और ?6,000 करोड़ की वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन योजना शोध को विकेंद्रीकृत और सुलभ बना रही हैं।

स्वयं और स्वयं प्लस जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर 5.3 करोड़ से अधिक नामांकन हो चुके हैं। दीक्षा और पीएम ई–विद्या के 200+ डीटीएच चैनलों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण सामग्री देश के हर कोने में उपलब्ध हो रही है। द्विवार्षिक प्रवेश, डुअल डिग्री जैसी व्यवस्थाएं उच्च शिक्षा को और अधिक समावेशी, बहुविषयक और उद्योगोन्मुखी बना रही हैं। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत के 54 संस्थान शामिल हुए हैं, जबकि 2014 में केवल 11 थे। डीकिन, वोलोंगोंग, और साउथेम्प्टन जैसे वैश्विक विश्वविद्यालय भारत में कैंपस स्थापित कर रहे हैं।परिवर्तन की इस यात्रा का उत्सव अखिल भारतीय शिक्षा समागम के माध्यम से मनाया जा रहा है, लेकिन इसका मूल्यांकन शिक्षार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के शांत आत्मविश्वास में हो रहा है। हमें अपने परिसरों को हराभरा बनाना, महत्वपूर्ण अनुसंधान अवसंरचना का विस्तार करना और सीखने के परिणामों को और अधिक गहरा करना जारी रखना होगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा केवल एक नीति नहीं, बल्कि सबसे बड़ा राष्ट्रीय निवेश बन चुकी है। जहाँ शिक्षा है, वहीं प्रगति है। एक अरब जागरूक और सशक्त नागरिक केवल जनसांख्यिकीय लाभांश नहीं हैं, बल्कि नए भारत का सुपरनोवा हैं।

# चुनाव आयोग बचेगा और न अधिकारी बचेंगे

**हरिशंकर व्यास**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि न चुनाव आयोग बचेगा और न उसके अधिकारी बचेंगे। उनके पास गड़बड़ी के सौ फीसदी सबूत हैं। उधर बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि विपक्षी पार्टियां बिहार में विधानसभा चुनाव का बहिष्कार कर सकती हैं। असल में बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण हो रहा है, जिसके तहत 60 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम काटे जाने की खबर खुद चुनाव आयोग ने दी है। बिहार विधानसभा का पांच दिन का सत्र इसी में जाया हुआ और लोकसभा के मानसून सत्र के पहले पांच दिन भी इसी पर हंगामा होता रहा। राहुल गांधी खुद चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। एक दिन सोनिया गांधी भी विरोध में शामिल हुईं और प्रियंका भी उनके साथ रहीं।




**बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण हो रहा है, जिसके तहत 60 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम काटे जाने की खबर खुद चुनाव आयोग ने दी है। बिहार विधानसभा का पांच दिन का सत्र इसी में जाया हुआ और लोकसभा के मानसून सत्र के पहले पांच दिन भी इसी पर हंगामा होता रहा। राहुल गांधी खुद चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। एक दिन सोनिया गांधी भी विरोध में शामिल हुईं और प्रियंका भी उनके साथ रहीं।**

अब सवाल है कि राहुल क्या करेंगे? क्या राहुल चुनाव का बहिष्कार करेंगे या चुनाव आयोग के खिलाफ भूख हड़ताल, आमरण अनशन पर बैठेंगे? उनके पास कर्नाटक की किसी एक सीट पर 50 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के नाम बड़ी संख्या में मतदाता सूची में जोड़े जाने की जानकारी है। वे कह रहे हैं कि इसके सबूत हैं कि ये फर्जी नाम जोड़े गए हैं। आमतौर पर मतदाता सूची में नए नाम 18 से 20 साल के लोगों के जुड़ते हैं और उससे ज्यादा उम्र के जो नए नाम जुड़ते हैं उनकी संख्या बहुत कम होती है। चुनाव आयोग भी हैरान है। उसका कहना है कि कांग्रेस ने कर्नाटक का मुद्दा पहले नहीं उठाया था। ध्यान रहे राहुल पहले महाराष्ट्र और हरियाणा में मैच फिक्सिंग की बात करते थे। तभी संसद के मानसून सत्र में राहुल ने कर्नाटक का मुद्दा उठाया तो चुनाव आयोग ने इसे आफ्टर थॉट कहा यानी बाद में सोच समझ कर आरोप लगाने की बात कही।

सोचें, अगर राहुल गांधी सचमुच विपक्षी पार्टियों को तैयार कर लेते हैं कि बिहार में विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाए तो क्या होगा? भारत के इतिहास में आजतक ऐसा नहीं हुआ है। इक्का दुक्का छोटी मोटी पार्टियों ने इमरजेंसी के बाद या सिख विरोधी दंगों के बाद चुनाव का बहिष्कार किया था लेकिन उनका कोई वजूद नहीं था। अगर मुख्य विपक्षी पार्टी चुनाव का बहिष्कार करे तो यह भारत के लिए बड़ी शर्मिंदगी की बात होगी। सारी दुनिया में इस बात पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया भर में घूम कर भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हैं और वहां चुनाव चोरी करने का आरोप लगा कर विपक्ष चुनाव नहीं लड़े तो दुनिया क्या सोचेगी?

इसी तरह अगर राहुल भूख हड़ताल करें या आमरण अनशन घोषित करें तो क्या होगा? वे हठ करना जानते हैं। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा की तो देश के एक सिरे से दूसरे सिरे को पैदल नाप दिया। ध्यान रहे वे चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। इन आरोपों को लेकर वे आमरण अनशन करें तो पूरे देश में सरकार के खिलाफ माहौल बनेगा। पता नहीं विपक्ष चुनाव का बहिष्कार करेगा या नहीं और राहुल कोई अनशन शुरू करेंगे या नहीं लेकिन चुनाव आयोग पर उनके हमले और आरपार की लड़ाई के मूड को देखते हुए खूब अटकलें लगाई जा रही हैं।

# धनखड़ का इस्तीफा अटकलों का बाजार गर्म

केंद्र सरकार ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को अधिसूचित कर दिया। एक दिन पहले ही धनखड़ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिख कर स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए तत्काल प्रभाव से पद छोड़ने की जानकारी दी थी। हाल में उनकी एम्स में एंजियोप्लास्टी हुई थी। बीते मार्च में उन्हें अपस्पताल में भर्ती कराया गया था। धनखड़ (74) ने अगस्त, 2022 में उपराष्ट्रपति का पदभार संभाला था, और उनका कार्यकाल 2027 तक था। उनका इस्तीफा संसद के मानूसन सत्र के पहले दिन आया। बीच कार्यकाल में इस्तीफा देने के कारण धनखड़ विदाई भाषण भी नहीं दे पाए क्योंकि पांच वर्षीय कार्यकाल पूरा करने वाले उपराष्ट्रपति ही विदाई भाषण दे सकते हैं।

धनखड़ के इस्तीफे के साथ ही अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। कांग्रेस चाहती है कि इस्तीफे के वास्तविक कारणों का खुलासा होना चाहिए क्योंकि स्वास्थ्य कारण गिनाया जाना गले नहीं उतर रहा। सरकार ने जिस तरह ठंडेपन से उनके इस्तीफे भर की सूचना शेयर की है, उससे विपक्ष शंकालु है। गौरतलब है कि विपक्ष ने पिछले साल धनखड़ पर कथित पक्षपात का आरोप लगाते हुए पद से हटाने के लिए अभियान चलाया था। आज वही विपक्ष एकजुट होकर धनखड़ के इस्तीफे को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी पर हमलावर हो गया है।

बहरहाल, धनखड़ का कार्यकाल तमाम विरोधाभासों से भरा रहा। कई बार वे सत्ता पक्ष के प्रवक्ता की तरह आचरण करते भी दिखे। ऐसा भी हुआ जब उन्होंने सरकार की आलोचना तक की। किसानों के मसले पर एक कार्यक्रम में कृषि मंत्री को खरी–खरी भी सुनाई। पहलगाम आतंकी हमला और जस्टिस यशवंत वर्मा के मुद्दे को लेकर सदन में चर्चा कराए जाने संबंधी उनके रुख ने सत्ताधारी पार्टी के लिए शर्मनाक स्थिति पैदा कर दी थी।

धनखड़ से सरकार की नाराजगी का एक संकेत सोमवार को भी दिखा जब राज्य सभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सदन के नेता जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू अनुपस्थित रहे। कांग्रेस इस्तीफे को दाल में कुछ काला बता रही है। जगदीप धनखड़ के इस्तीफे से हरियाणा और राजस्थान में कुछ लोग आरोप लगा रहे हैं कि सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार समुदाय विशेष विरोधी है यानी आने वाले दिनों में सरकार के खिलाफ एक राजनीतिक मोर्चा भी खुल सकता है।

# प्रियदर्शी की नई फिल्म मिथ्रा मंडली का ऐलान, फर्स्ट लुक पोस्टर आउट

विचित्र प्री–लुक के बाद जिसने सोशल मीडिया पर उत्साह और अटकलें पैदा कर दी थीं कि नकाबपोश अवतार में कौन कलाकार हो सकते हैं, मिथरा मंडली का बहुप्रतीक्षित फर्स्ट लुक पोस्टर आज अनावरण किया गया है, और यह वादे के अनुसार हर तरह से जीवंत है।

पोस्टर में नीले मुखौटों के पीछे के गिरोह का परिचय दिया गया है, जिसमें प्रियदर्शी, राग मयूर, विष्णु ओई और प्रसाद बेहरा जैसे कलाकारों की टोली दिखाई गई है जो असीमित आनंद, अराजकता और मनोरंजन देने के लिए तैयार है। इस फ़िल्म में एक नया मोड़ यह है कि यह सोशल मीडिया सनसनी निहारिका एनएम की तेलुगु डेब्यू फ़िल्म है, जिससे फ़िल्म की क्रेज़ी क्रू पूरी हो गई है। निहारिका हाल ही में टॉम क्रूज़ के साथ मिशन इम्पॉसिबल– फ़ाइनल रेकनिंग में काम करने के लिए चर्चा में रही हैं। अपने बेहतरीन अभिनय, कॉमिक टाइमिंग और अनोखे किरदारों के लिए मशहूर प्रियदर्शी, मैड फेम विष्णु ओई, राग मयूर और प्रसाद बेहरा, मिथ्रा मंडली में मनोरंजन का एक शानदार स्रोत लेकर आए हैं। यह फिल्म बन्नी वास द्वारा उनके नए लॉन्च किए गए बैनर बीवी वर्क्स के तहत प्रस्तुत की जा रही है, और सप्त अश्व मीडिया वर्क्स, व्यारा एंटरटेनमेंट्स और उत्साही निर्माता कल्याण मंथिना, भानु प्रताप और डॉ. विजेंद्र रेड्डी तेगला के ऊर्जावान सहयोग से निर्मित है।



# सोनाली बेंद्रे ने बताया सफल शादी का राज, बोलीं– सम्मान सबसे जरूरी



अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे इन दिनों पति–पत्नी और पंगा को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने बताया कि शादी को कामयाब बनाने के लिए पति–पत्नी दोनों को रोजाना अपने रिश्ते पर ध्यान देना चाहिए। इसे कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि रिश्ता तभी मजबूत रहता है जब दोनों मिलकर इसको सहेजते हैं। सोनाली ने कहा, आज के यंग कपल्स को सलाह देना मुश्किल है, क्योंकि वे मानते हैं कि उन्हें सब कुछ पहले से पता है। उनके पास इंटरनेट है। गूगल और चैटजीपीटी जैसे टूल्स हैं, जो हर सवाल का जवाब फौरन दे देते हैं। इसलिए, वे किसी की भी सलाह को गंभीरता से नहीं लेते, और उन्हें सलाह देने की कोशिश करने वाले अक्सर नाकाम हो जाते हैं। सोनाली बेंद्रे ने अच्छी शादी का राज बताते हुए कहा, मेरे हिसाब से शादी ऐसी चीज है, जिसमें रोज थोड़ी–थोड़ी मेहनत करनी पड़ती है।

## बॉक्स ऑफिस पर सैयारा की कमाई की रफ्तार धीमी

अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 14 दिन पूरे हो गए हैं। यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर डंका पीट रही है। फिल्म ने अब तक कई रिकॉर्ड भी बनाए हैं। किसी ने सोचा भी नहीं था कि सैयारा बॉक्स ऑफिस पर ऐसी सुनामी लेकर आएगी। हालांकि, अब हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की कमाई घटती जा रही है। आइए जानें सैयारा ने 14वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, सैयारा ने अपनी रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 6.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 280.50 करोड़ रुपये हो गया है।

# पहले भारत और अब दक्षिण अफ्रीका, एबी डिविलियर्स ने तोड़ा पाकिस्तान का सपना

नईदिल्ली,। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 के फाइनल मैच में एबी डिविलियर्स के शानदार शतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को 9 विकेट से हराकर अपना पहला डब्ल्यूसीएल खिताब अपने नाम कर लिया है. शनिवार, 2 अगस्त की रात को डिविलियर्स का जलवा देखने को मिला जब दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज ने टूर्नामेंट में अपना तीसरा शतक जड़कर पाकिस्तानी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं. जीत के लिए 196 रनों की जरूरत थी, लेकिन प्रोटियाज ने इस विशाल लक्ष्य को 9 विकेट शेष रहते 16.5 ओवर में ही हासिल कर लिया. जिसका पूरा क्रेडिट डिविलियर्स को जाता है. डिविलियर्स ने 60 गेंदों पर 120 रन बनाए और जेपी डुमिनी (50 रन 28 गेंद) ने उनका अच्छा साथ दिया. जिससे दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को धूल चटाकर खिताब अपने नाम कर लिया. अफ्रीका के एकमात्र आउट होने वाले बल्लेबाज हाशिम आमला ने 14 गेंदों पर 18 रनों की पारी खेली.



टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी करने की वजह से एबी डिविलियर्स को प्लेयर ऑफ द मैच और मैच में धुंआधार बल्लेबाजी करने की वजह से प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया. फाइनल मैच की बात करें तो पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. शरजील खान के 44 गेंदों पर 76 रन, जबकि उमर अमीन (19 गेंदों पर 36 रन) और आसिफ अली (15 गेंदों पर 28 रन) ने कुछ मनोरंजक पारियां खेलीं, जिसकी बदौलत पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट पर 195 रन बनाने में कामयाब रहा. दक्षिण अफ्रीका के लिए वेन पार्नेल (32 रन पर 2 विकेट) और हार्डस विलजोएन (38 रन पर 2 विकेट) ने दो–दो विकेट लिए.लक्ष्य का पीछा करते हुए, दक्षिण अफ्रीका ने पहले छह ओवरों में 72 रन बनाकर शानदार शुरुआत की, जिसमें डिविलियर्स ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की. डिविलियर्स के 60 गेंदों पर नाबाद 120 रनों की बदौलत प्रोटियाज ने बिना किसी परेशानी के जीत हासिल कर ली. इससे पहले डब्ल्यूसीएल 2024 के फाइनल में भी पाकिस्तान को भारत के हाथों हार का सामना करना पड़ा था. पाकिस्तान ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 156 रन बनाए थे, जिसको भारत ने 5 गेंद और 5 विकेट शेष रहते ही हासिल कर लिया था.

# दुबई और अबू धाबी में खेला जाएगा एशिया कप 2025

नईदिल्ली, शियन क्रिकेट काउंसिल ने दुबई और अबू धाबी को एशिया कप 2025 के आधिकारिक मेजबान शहर के रूप में पुष्टि कर दी गई है. दुबई फाइनल सहित 11 मैचों की मेजबानी करेगा, जबकि अबू धाबी आठ मैचों की मेजबानी करेगा. भारत अपने ग्रुप ए के मैच में 10 सितंबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में यूएई के खिलाफ खेलेगा. उसके बाद टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मुकाबला भारत और पाकिस्तान 14 सितंबर को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम आमने सामने होंगे, जबकि ओमान के खिलाफ भारत का मुकाबला 19 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा.



एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, हमें विश्वास है कि 2025 का संस्करण न केवल उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करेगा, बल्कि खेल और महाद्वीप भर के लाखों उत्साही समर्थकों के बीच संबंधों को भी गहरा करेगा? एशिया कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह एशियाई क्रिकेट का उत्सव है. संयुक्त अरब अमीरात में इसकी मेजबानी हमें दुनिया के सबसे जीवंत क्रिकेट केंद्रों में से एक में उत्साह लाने का मौका देती है. दुबई और अबू धाबी खिलाड़ियों, प्रशंसकों और प्रसारकों, सभी के लिए एक सहज और विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित हैं. 2026 पुरुष टी20 विश्व कप की तैयारी को ध्यान में रखते हुए एशिया कप 2025 टी20 फॉर्मेट में खेला जाएगा. टूर्नामेंट के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब एशिया कप में आठ टीमें भाग लेंगी. भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान को ग्रुप ए में रखा गया है, जबकि ग्रुप बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और हांगकांग शामिल हैं.प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर फोर चरण में आगे बढ़ेंगी, जहां शीर्ष दो टीमें एशिया कप के 17वें संस्करण के विजेता का फैसला करने के लिए खिताबी मुकाबले में आमने–सामने होंगी. इस टूर्नामेंट की शुरुआत अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच होगी.

## एक नजर

### श्रीनगर में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की उत्तराखंड पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा रविवार को श्रीनगर के आठ परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान डिप्टी एसपी दूरसंचार अनूप काला, सीओ सदर श्रीनगर अनुज कुमार और कोतवली प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर जयपाल सिंह नेगी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि नगर क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज खण्डाह, राजकीय इंटर कॉलेज स्वीत, राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर के साथ ही गुरु रामराय पब्लिक स्कूल श्रीनगर, देवभूमि पब्लिक स्कूल बिलकेदार नकोट, भगवती मेमोरियल, विद्या मंदिर श्रीकोट और आइरिश पब्लिक स्कूल श्रीकोट परीक्षा केंद्र में सुबह 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक की पाली में पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। बताया कि आठ परीक्षा केंद्रों में 2120 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 1967 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मलित हुए जबकि 153 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। एसएचओ जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई है।

### जौनपुर में प्रमुख के कई दावेदार सामने

नई टिहरी। विकासखंड जौनपुर में ब्लॉक प्रमुख पद को लेकर रस्साकस्सी शुरू हो गई है। क्षेत्र पंचायत की जौनपुर में 40 वार्ड सदस्य हैं। जिसमें 19 क्षेत्र पंचायत सदस्य थत्यूड़ से आते हैं तथा 14 क्षेत्र पंचायत सदस्य नैनबाग क्षेत्र में आते हैं। जबकि 7 क्षेत्र पंचायत सदस्य सकलाना क्षेत्र से आते हैं। पूर्व में थत्यूड़ से ही अधिकांशतः का ब्लॉक प्रमुख पद पर कब्जा रहा है। लेकिन इस समय नैनवाग क्षेत्र के लोग प्रमुख पद पाने के लिए जोड़–तोड़ में जुटे हैं। जिसके तहत जीते बीडीसी सदस्यों को अपने पक्ष करन के लिए पूरी मेहनत से जुटे नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर भाजपा व कांग्रेस भी प्रमुख पद को कब्जाने के लिए बैठकें कर रणनीती बनाने में जुट गये हैं। जौनपुर ब्लाक में इस समय महिला अन्य पिछड़ा वर्ग सीट घोषित है। अब तक प्रमुख के लिए चर्चाओं में जयद्वार से मंजू देवी, अग्यारना से रेखा रावत, फिड़ोगी से सीता रावत पूर्व ब्लाक प्रमुख हैं। इनके अलावा अभी और भी देवदार सामने आने की पूरी संभावनायें हैं।

### पिंजरे में कैद गुलदार के नमूनों की होगी फॉरेन्सिक जांच

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर में बीते शनिवार को गोशाला के पास लगाए गए पिंजरे में कैद हुए नर गुलदार के नमूने जांच के लिए फॉरेन्सिक लैब भेजे जाएंगे। वन विभाग ने क्षेत्र में अकेले या अंधेरे में नहीं जाने की अपील भी की है। श्रीनगर में पिछले कुछ दिनों से गंगा दर्शन और गोशाला के आसपास गुलदार की गतिविधियां देखी जा रही थी। गुलदार ने यहां तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल भी किया। जिससे स्थानीय लोगों में भारी भय और असुरक्षा का माहौल था। प्रशासन ने यहां पर गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था, बीते शनिवार को गुलदार पिंजरे में कैद हुआ था। डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि गुलदार के पकड़े जाने के बावजूद लोग अभी भी सतर्कता बरतें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि वन विभाग के अनुरोध पर गुलदार के रक्त, नेल स्क्रैपिंग व हेयर फॉलिकल्स के नमूने लिए गए हैं। इन नमूनों को फॉरेन्सिक जांच के लिए भेजा जाएगा। जिससे यह जानने में मदद मिल सके कि क्या पकड़े गये गुलदार ने ही मनुष्यों पर हमला किया था, या गुलदार किसी बीमारी से पीड़ित तो नहीं है।

### मनियार गांव में स्वच्छता अभियान चलाया

नई टिहरी। जनपद के ब्लाक चंबा के ग्राम पंचायत दिखोल के गांव मनियार में नव निर्वाचित प्रधान बलवंत रावत व महिला मंगल दल की अध्यक्ष शशि रावत के नेतृत्व में गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत दिखोल के गांव मनियार में चलाये गये स्वच्छता अभियान में ग्रामीणों ने सबसे पहले गांव में बेहताशा उगी झाड़ियों का कटान किया। जिसके बाद गांव के विभिन्न संपर्क मार्गों की सफाई कर अपील की गई कि ग्रामीण नियत स्थल पर ही कूड़ा एकत्र कर उसे कूड़ा वाहन में डालकर निस्तारण के लिए भेजें। आगे भी दिखोल ग्राम पंचायत के तहत नियमित सफाई अभियान जारी रखने विचार किया गया। इस मौके महिला मंगल दल की सचिव बबीता, सैला रावत, मीरा देवी, उर्मिला देवी, प्यारा देवी, किरन रावत, संगीता रावत, राधा रावत आदि मौजूद रहे।

## निकासी की नहीं व्यवस्था, बरसात में तालाब बन रहा झंडाचौक

### हल्की बारिश होते ही झंडाचौक में जमा हो रहा पानी

**जयन्त प्रतिनिधि।**


कोटद्वार के झंडाचौक में हुआ जलभराव

कोटद्वारः भले ही नगर निगम बारिश के पानी की निकासी के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने के दावे कर रहा हो। लेकिन, हकीकत यह है कि झंडा चौक में बरसाती पानी की निकासी को उचित व्यवस्था न होने के कारण हल्की वर्षा होने पर ही पूरी झंडाचौक तालाब में तब्दील हो जाता है। ऐसे में आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा है। वहीं, आसपास के व्यापारियों को भी संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद वर्ष 2020 व 2022 के मध्य नगर निगम ने शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य सड़कों के किनारे अपनी नजूल भूमि पर बने पक्के अतिक्रमण को हटाया था। अभियान के दौरान शहरवासियों को सड़क किनारे वर्षा जल निकासी के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने के साथ ही फुटपाथ निर्माण का आश्वासन दिया गया था। लेकिन, अतिक्रमण हटने के बाद नगर निगम ने अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लिया। नतीजा, कई व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों के बाहर पक्का फर्श डलवा कर नालियों के आकार को ही बदल दिया है। ऐसे में झंडाचौक में वर्षा के जल की निकासी बेहतर तरीके से निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे हल्की वर्षा होने पर पूरा झंडा चौक व बदरीनाथ मार्ग तालाब में तब्दील हो जाता है। वर्षा थमने के बाद भी सड़कों पर जल भरा रहता है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी बुजुर्ग व स्कूली बच्चों को होती है। साथ ही हर समय दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है।

### लगातार उठ रही मांग

झंडाचौक में वर्षा जल निकासी के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए क्षेत्रवासी वर्षों से मांग उठा रहे हैं। कुछ दिन पूर्व महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने भी मौके का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। लेकिन, इसके बाद भी धरातल पर कार्य नहीं हुआ।

नतीजा, कई स्थानों पर जमा वर्षा का जल संक्रामक बीमारियों को न्यौता दे रहा है। जबकि, वर्षा के दौरान डेंगू भी पैर पसारने लगता है।

## नमूने को जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः श्रीनगर में बीते शनिवार को गोशाला के पास लगाए गए पिंजरे में कैद हुए नर गुलदार के नमूने जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजे जाएंगे। वन विभाग ने क्षेत्र में अकेले या अंधेरे में नहीं जाने की अपील भी की है। श्रीनगर में पिछले कुछ दिनों से गंगा दर्शन और गोशाला के आसपास गुलदार की गतिविधियां देखी जा रही थी। गुलदार ने यहां तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल भी किया। जिससे स्थानीय लोगों में भारी भय और असुरक्षा का माहौल था। प्रशासन ने यहां पर गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था, बीते शनिवार को गुलदार पिंजरे में कैद हुआ था। डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि गुलदार के पकड़े जाने के बावजूद लोग अभी भी सतर्कता बरतें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि वन विभाग के अनुरोध पर गुलदार के रक्त, नेल स्क्रेपिंग व हेयर फॉलिकल्स के नमूने लिए गए हैं। इन नमूनों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। जिससे यह जानने में मदद मिल सके कि क्या पकड़े गये गुलदार ने ही मनुष्यों पर हमला किया था, या गुलदार किसी बीमारी से पीड़ित तो नहीं है।

## सिट्रस वैली के रूप में विकसित होगा मरोड़ा गांव

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः पाबौ ब्लॉक के मरोड़ा गांव को ह्यसिट्रस वैलीह्न के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने गांव में ग्रामीणों से संवाद कर इस योजना को अमलीजामा पहनाने की शुरुआत की।

डीएम ने कहा कि मरोड़ा को माल्टा, नींबू, नारंगी जैसे सिट्रस फलों का केंद्र बनाकर न केवल स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भरता लाई जाएगी, बल्कि ब्रांडिंग और मार्केटिंग के माध्यम से गांव को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी। डीएम ने बताया कि इस कार्य में भरसार हार्टिकल्चर यूनिवर्सिटी का सहयोग लिया जाएगा ताकि वैज्ञानिक तरीके से खेती कर मरोड़ा को मॉडल गांव बनाया जा सके। इस अवसर पर हरेला पर्व के तहत सैकड़ों सिट्रस पौधे रोपे और वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि अधिक उत्पादन होने पर गांव में प्रोसेसिंग व पैकेजिंग यूनिट स्थापित की जाएगी, जिससे युवाओं को रोजगार और किसानों को उचित मूल्य मिल सकेगा। ग्रामोत्थान परियोजना के तहत किसानों को 60 फीसदी तक सब्सिडी का लाभ मिल सकता है, जिससे सहकारी मॉडल में खेती की जा सकेगी। इस मौके पर सीडीओ गिरीश गुणवंत ने कहा कि मरोड़ा के पास सिट्रस बेल्ट बनने की अपार संभावनाएं हैं। प्रगतिशील किसान पवन बिष्ट, बीरोंखाल से ग्राम प्रधान कर्नल यशपाल नेगी, और पोखड़ा के सुधीर सुंदरियाल ने खेती में नवाचार, समन्वय और चैनलिंक फेंसिंग, सिंगल विंडो सिस्टम, और गुठलीदार पौधों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यक्रम में एसडीएम दीपक रामचंद्र सेट, डीएचओ राजेश तिवारी, समुन्नति फाउंडेशन के निदेशक श्रीधर ईश्वरन, कंसल्टेंट विंग कमांडर अनुपमा जोशी, बीडीओ धूम सिंह, धाद के अध्यक्ष लोकेश नवानी, सहित कई किसान और स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः नागरिक कल्याण मंच ने शहर में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाई है। मंच के पदाधिकारियों ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर समस्या का समाधान करने की मांग की है। मंच ने जल्द समस्या का हल नहीं होने पर उपभोक्ता संरक्षण आयोग में वाद दायर करने की चेतावनी भी दी है। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को दिए गए ज्ञापन में मंच के अध्यक्ष रघुवीर सिंह नेगी, सचिव गबर सिंह नेगी ने कहा कि शहर में पिछले लंबे समय से उपभोक्ता पेयजल किल्लत से जूझ रहे हैं। जबकि पेयजल के बिलों में बेहताशा बढ़ोतरी की जा रही है। कहा कि शहर में उपभोक्ताओं को दिन में एक ही समय करीब 30 मिनट तक ही पेयजल की आपूर्ति की जाती है। आरोप लगाया कि कई उपभोक्ताओं ने एक से ज्यादा कनेक्शन लिए हैं और उनके द्वारा बिल सिर्फ एक ही कनेक्शन का दिया जा रहा है। कहा कि श्रीनगर में जल संस्थान उपभोक्ताओं को 20 हजार लीटर पेयजल प्रतिमाह निशुल्क दिया जा रहा है। उन्होंने पौड़ी में भी उपभोक्ताओं को श्रीनगर की तरह सुविधा देने की मांग की है। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि उपभोक्ताओं से भारी भरकम बिल वसूलने के बाद भी उनको पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। उन्होंने जल्द ही जल संस्थान के अधिशासी अभियंता से समस्या का हल निकालने की मांग उठाई। कहा कि जल्द ही समस्या का हल नहीं होने पर उपभोक्ता संरक्षण आयोग में वाद दायर किया जाएगा। इस मौके पर मंच के सदस्य नरेश चंद्र नौड़ियाल, पदमेंद्र सिंह, मनोज रावत आदि शामिल रहे।

## संजय रावत व संजय मित्तल बने अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः श्री बाल रामलीला कमेटी की पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। इस दौरान संजय मित्तल व संजय रावत को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही विपिन डोबरियाल को कार्यवाहक अध्यक्ष चुना गय सर्वप्रथम विगत वर्ष का आय व्यय का ब्योरा सार्वजनिक किया गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से संजय रावत व संजय मित्तल को अध्यक्ष, विपिन डोबरियाल को कार्यवाहक अध्यक्ष चुना गया, नितिन गुप्ता को सचिव का दायित्व दिया गया। सुरेश चंद गोयल को कोषाध्यक्ष व संजय शर्मा को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। राधेश्याम शर्मा, विनय भाटिया को मंच संचालन का जिम्मा सौंपा गया। जगदीश फुलारा, दिनेश रावत, प्रमोद रावत को मंच डायरेक्टर बनाया गया। मीना सेमवाल, डा. घनानंद शर्मा, आरती भाटिया, सुनीता माहेश्वरी, सरदार महेंद्र सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। डा.सौरभ मिश्रा, अजय कश्यप, महेश कुकरेती, संजय नौडियाल, अनिल नेगी, सुबोध कर्णवाल, अशोक चौधरी, आलोक गुप्ता, रणजीत सिंह नेगी, नीतिश गुप्ता, मोटीं, सुरेश असवाल, कमल आर्य, ज्योति चौधरी को उपाध्यक्ष बनाया गया। राजू छाबडा, विजय अग्रवाल, विश्वास अग्रवाल को मंच व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई।

## तहसील परिसर में अलग से काउंटर लगाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**


कोटद्वार में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन देते पार्षद

कोटद्वारः तहसील परिसर के ई-डिस्ट्रिक में एक मात्र काउंटर पर आय प्रमाण पत्र बनवाए जाने पर पार्षदों ने आक्रोश जताया। पार्षदों ने बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त काउंटर खोले जाने की मांग की है।

पार्षदों की ओर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपा। पार्षद संजय भंडारी के नेतृत्व में नगर निगम के पार्षद तहसील पहुंचे, जहां पर उन्होंने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पार्षद संजय भंडारी ने कहा कि वर्तमान में राशन कार्ड सत्यापन के लिए आय प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसील परिसर में भीड़ बढ़ती ही जा रही है।

कहा कि अभी तक प्रशासन की तरफ से स्पष्ट नहीं किया गया है कि राशन कार्ड सत्यापन के लिए किन आधिकारिक दस्तावेजों की जरूरत है, जिसके कारण लोगों में असमंजस बना हुआ है। कहा कि ई-डिस्ट्रिक में एकमात्र काउंटर होने के कारण बहुत ज्यादा भीड़ हो रही है। लोग घंटो तक लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे है। खासकर बुजुगी व महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, कहा कि जनहित को देखते हुए एक अतिरिक्त काउंटर की व्यवस्था की जाए। इस मौके पर हिमांशू वर्मा, सोनिया नेगी, विजय सिंह मौजूद रहे।

## एलयूसीसी के पीड़ितों का धरना जारी


कोटद्वार तहसील में धरना देते पीड़ित

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः द लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिप्ट कोआपरेटिव सोसाइटी (एलयूसीसी) के ठगी पीड़ितों का धरना जारी है।

इस संबंध में पीड़ितों ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में पीड़ितों का कहना था कि सोसाइटी भारत सरकार के कृषि मंत्रालय में पंजीकृत है, जो विगत कई सालों से प्रदेश में बैंकिंग का कार्य कर रही थी। कंपनी के संचालकों ने लोगों को धन दोगुना करने का लालच दिया गया, जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई की रकम कंपनी में निवेश कर दी। लेकिन, कंपनी के संचालक अपने कार्यालयों को बंद कर फरार हो गए। कहा कि फरार संचालको को तत्काल गिरफ्तार कर डूबी रकम वापस की जाए। इस मौके पर कुलवंत पुंडीर, सुरेश सिंह नेगी, पंकज नेगी मौजूद रहे।

## बैकुंठ मेले को लेकर निगम ने शुरू की तैयारियां

श्रीनगर गढ़वाल। प्रसिद्ध बैकुंठ चतुर्दशी मेले को भव्य और दिव्य रूप देने के लिए नगर निगम श्रीनगर ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। निगम सभागार में पहली बैठक के दौरान मेले की रूपरेखा, कार्यक्रमों की सूची और नवाचारों पर विस्तार से चर्चा हुई। पार्षदों ने मेले की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने, झूले चर्खियों के शुल्क को कम किये जाने, शहर के बीच स्थित रामलीला मैदान में मेले से संबंधित गतिविधियां कराये जाने की मांग रखी। महापौर आरती भंडारी ने कहा कि बैकुंठ चतुर्दशी मेला गढ़वाल के प्रमुख मेलों में से एक है और इसे भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए नगर निगम पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि जल्द ही स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस भदौरिया भी शामिल रहेंगी। मेले के बेहतर आयोजन के लिए विस्तृत रोडमैप तैयार किया जा रहा है। मेले के आयोजन में 40 पार्षदों की टीम सक्रिय भूमिका निभाएगी। बैठक में सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी, गायत्री बिष्ट, पार्षद आदि मौजूद रहे।

## आरोपी डिप्टी सीएमओ को जमानत के लिए जाना पड़ेगा कोर्ट

रुद्रप्रयाग। ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीते दिन तिलणी में हुई कार–बाइक दुर्घटना में आरोपी चमोली के डिप्टी सीएमओ को अब जमानत के लिए कोर्ट जाना पड़ेगा। पुलिस मुकदमे के बाद विवेचना कर रही है जबकि नोटिस के आधार पर आरोपी को छोड़ दिया गया है।

वहीं दूसरी ओर दो दर्जन क्षेत्रीय लोगों ने घोलतीर चौकी में जाकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए हिट एंड रन का मामला दर्ज करते हुए जेल भेजने की मांग की। रविवार को पुलिस द्वारा पूरी घटना की पूछताछ के लिए आरोपी डिप्टी सीएमओ डॉ मोहम्मद शाह हुसैन, उनकी पत्नी और बेटी को घोलतीर चौकी में लाया गया। जहां पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है। घटना के बाद से आक्रोशित क्षेत्रीय लोग लगातार विरोध करते हुए कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। रविवार को भी लोगों ने चौकी घोलतीर में विरोध जताया।

स्थानीय निवासी सुनील, रमेश चन्द्र एवं देवेंद्र चौधरी ने आरोपी के खिलाफ हिट एंड रन का मामला दर्ज करते हुए उसे जेल भेजने की मांग की। हालांकि बाद में किसी तरह आक्रोशित लोगों को समझाया गया। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें तेज रफ्तार से आ रही कार से बाइक को रगड़ते हुए काफी दूर तक ले जाया गया। इधर, पुलिस ने दुर्घटना के मामले में बीते दिन ही कोतवाली रुद्रप्रयाग में मुकदमा दर्ज कर लिया था, जिसमें घोलतीर चौकी इंचार्ज जयवीर सिंह रावत विवेचना कर रहे हैं। चौकी इंचार्ज जयवीर सिंह रावत ने बताया कि आरोपी को नोटिस के आधार पर छोड़ दिया गया है जबकि उसकी जमानत कोर्ट स्तर से होगी। पुलिस ने बताया कि बीते दिन वाहन में आरोपी डिप्टी सीएमओ, उनकी पत्नी, बेटी और दो बच्चे कुल मिलाकर पांच लोग सवार थे।

रविवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त कार को पुलिस द्वारा पुलिस लाइन रतूड़ा में रख दिया गया है। वहीं दूसरी ओर एक गंभीर युवक का देहरादून में ऑपरेशन किया गया है। उनकी स्थिति में अब कुछ सुधार है, किंतु नाजुक बनी है। जबकि दूसरे युवक का भी रुद्रप्रयाग में हाथ का ऑपरेशन किया गया। घटना से लोगों में आक्रेश बना है।

## केदारनाथ के लिए शटल सेवा के साथ ही घोड़े–खच्चरों की भी आवाजाही शुरू



रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए चार दिन बाद शटल सेवा के साथ ही घोड़े–खच्चरों की भी आवाजाही शुरू हो गई है। जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। रविवार को सोनप्रयाग और गौरीकुंड से करीब साढ़े तीन हजार यात्री केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए। सोनप्रयाग–गौरीकुंड के बीच बंद केदारनाथ हाईवे पर रविवार से वाहनों की नियमित आवाजाही होने लगी है। हालांकि बारिश होने पर यहां जोखिम निरंतर बना है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड से पुलिस लगातार यात्रियों को निगरानी करते हुए भेज रही है। संवेदनशील स्थान पर पुलिस तैनात है जो लगातार पहाड़ी पर नजर बनाए हुए हैं। रविवार सुबह से ही केदारनाथ के लिए यात्रियों में उत्साह दिखा। सोनप्रयाग से भी शटल सेवा से यात्री गौरीकुंड रवाना हुए जबकि गौरीकुंड से घोड़े–खच्चरों की मदद से यात्रियों ने केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान किया। पुलिस के अनुसार रविवार अपराह्न तक करीब साढ़े तीन हजार यात्री केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए हैं। सोनप्रयाग कोतवाली निरीक्षक राकेंद्र कठैत ने बताया कि रविवार को मौसम भी ठीक रहा। सुबह से शटल सेवा के माध्यम से यात्रियों को गौरीकुंड भेजा गया। वहीं गौरीकुंड में चौकी इंचार्ज सूरज कंडारी ने बताया कि गौरीकुंड में जिस स्थान पर पत्थर गिर रहे हैं वहां पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। सभी यात्रियों को सुरक्षित केदारनाथ के लिए रवाना किया गया।

## मरीजों की समस्या का हो समाधान

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय बेस अस्पताल श्रीकोट में मरीजों, तीमारदारों के समक्ष आने वाली समस्याओं को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता जगदीश भट्ट ने चिकित्सा अधीक्षक से वार्ता कर पार्किंग की समस्या के समाधान व इमरजेंसी विभाग में सीनियर डाक्टरों की तैनाती की मांग की। जगदीश भट्ट ने बताया कि बेस अस्पताल में केवल मरीजों के परिजनों को वाहन पार्किंग के लिए दुपहिया वाहन पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। ओपीडी भवन के सामने की पार्किंग चिकित्सकों के चौपहिया वाहनों के लिए आरक्षित की गई है। कहा कि अनावश्यक वाहनों को हटाकर मरीजों को लाने वाले चौपहिया व दुपहिया वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से इमरजेंसी विभाग में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने व सीनियर डाक्टरों की तैनाती की मांग की। इधर चिकित्सा अधीक्षक राकेश रावत ने बताया कि पार्किंग की समस्या परिसर में बन रही है। नये ओपीडी भवन में भूतल पर दो लेवल की पार्किंग प्रस्तावित है।

## कुलपति ने सीएम विवि की गतिविधियों की जानकारी दी

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने देहरादून में सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। कुलपति प्रो. सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को गढ़वाल विवि की शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गढ़वाल विश्वविद्यालय उत्तराखंड का मन पंसदीदा विश्वविद्यालय बनाता जा रहा है। प्रो. सिंह ने बताया कि इस बार सीयूईटी यूजी में 15 हजार से अधिक छात्र–छात्राओं ने गढ़वाल विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीकृत किये गए हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान गढ़वाल विवि ने प्रशासन के सहयोग से स्नातकोत्तर की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाई है। बताया कि गढ़वाल विश्वविद्यालय में आगामी 7 अगस्त से प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। कुलपति ने मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने एक वेलनेस सेंटर एवं स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने की कल्पना की है, जिससे आगंतुकों के लिए पर्वतीय संसाधनों पर आधारित स्वास्थ्य लाभ मिल सकता है और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। इससे पारंपरिक चिकित्सा, योग, जड़ी बूटी आधारित उत्पादों और प्राकृतिक उपचारों को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय समुदाय को प्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा।

## बंदरों के आतंक से मान्दरा गांव के ग्रामीण बेहद परेशान



नई टिहरी। बालगंगा रेंज के बासर पट्टी के अंतर्गत आने वाले मान्दरा गांव के ग्रामीण इन दिनों बंदरों के बढ़ते आतंक से बेहद परेशान हैं। गांव के खेतों में उगाई जा रही धान की फसल से लेकर सीजनल फल और सब्जियों तक को बंदर पूरी तरह नष्ट कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों की मेहनत पर पानी फिरता जा रहा है। पूर्व प्रधान मोहन लाल भट्ट ने जानकारी दी, कि बंदरों के आतंक से ग्रामीण वर्षों से जूझ रहे हैं। पिछले वर्ष वन विभाग को सूचित करने पर बालगंगा रेंज अधिकारी प्रदीप चौहान ने तीन बार बंदर पकड़ने के लिए टीम भेजी थी। इससे थोड़ी राहत तो मिली, लेकिन स्थिति अब फिर वैसी की वैसी हो गई है। वर्तमान ग्राम प्रधान सुचिता देवी, केपार्स के प्रधान रतन सिंह और उदय नेगी सहित अन्य ग्रामीणों ने वन विभाग से अपील की है कि बंदरों से स्थायी समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि बंदर झुंडों में आकर खेतों और बागवानी को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे ग्रामीणों की आय और मेहनत दोनों ही प्रभावित हो रही है। गांव के बुजुर्ग और महिलाएं तक खेतों में जाने से कतराने लगे हैं। बंदरों की बढ़ती संख्या और उनकी आक्रामकता के चलते कई बार घरों में घुसपैठ की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। वन विभाग से मांग की गई है कि गांव में पुनः बंदर पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और यदि संभव हो तो स्थायी समाधान जैसे बायो–फेंसिंग या पुनर्वास योजना पर भी विचार किया जाए।

## उत्पादों की प्रमाणिकता जांचने के लिए बीआईएस केयर ऐप अपनाएं: सीडीओ

नई टिहरी। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) देहरादून के सहयोग से महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए जिला स्तरीय संवितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ वरुणा अग्रवाल की उपस्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उत्पादों की गुणवत्ता, शुद्धता और प्रमाणिकता के बारे में जानकारी दी गई। सीडीओ ने सभी को अपने मोबाइल में बीआईएस केयर एप डाउनलोड कर उत्पाद खरीद से पहले उसकी प्रमाणिकता जांचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रेशर कुकर, सिलेंडर, हेलमेट, बच्चों के खिलौने, गीजर, एसी, फ्रीजर और दूध की बोतलें जैसे उत्पादों पर अनिवार्य प्रमाणन जरूरी है। बीआईएस की मानक प्रमोशन अधिकारी सरिता त्रिपाठी, रिसोर्स पर्सन संजय तिवारी, टेक्निकल एक्सपर्ट दीपक पांडे और समिता भट्ट ने मानक प्रक्रियाएं, हॉलमार्किंग, उत्पाद वापसी, अनुरूपता मूल्यांकन जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

## नई टिहरी में दूषित पेयजल आपूर्ति से गुस्से में नागरिक मंच

नई टिहरी। नागरिक मंच की मासिक बैठक मंच के अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए समस्याओं के निस्तारण की मांग शासन–प्रशासन से की। विभिन्न प्रस्ताव भी पारित किये गये। रविवार को मिलन केंद्र में आयोजित बैठक में मंच के सदस्यों ने नई टिहरी नगर में दूषित पेयजल आपूर्ति पर रोष प्रकट हुये शीघ्र रीह–घुत्तु ग्रेविटी पेयजल योजना को स्वीकृति देने की मांग की। प्रस्ताव पारित करते हुए 17 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर पीएम कार्यालय को अवगत कराते हुए मांगों के निस्तारण की मांग की। केंद्रीय विद्यालय नई टिहरी के नये भवन के निर्माण के पूरे होने के बाद खाली होने भवन के स्थान पर प्रेक्षागृह बनाने की मांग की। इसलिए पुराने केवी भवन को प्रेक्षागृह के लिए आवंटित करने की मांग की। बौराड़ी स्टेडियम की डीपीआर को लेकर नियमित कार्यवाही की जाय। आगामी बैठक नगर की समस्याओं को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। नई टिहरी नगर की संपूर्ण भूमि राजस्व अभिलेखों में अधिगृहित ग्रामों कुलणा, मोलधार व बौराड़ी के नाम अंकित है। जिससे टिहरी बांध विसथापितों व प्रभावितों को अपने भवन की भूमि जो पुर्नवास निदेशालय ने उन्हें आवंटित की है, की नकल प्राप्त करने में संपूर्ण ग्राम की भूमि की खतौनी प्राप्त करनी पड़ रही है। जिससे अत्यधिक व्यय भार उठाना पड़ रहा है। इसलिए भू अभिलेखों को सेक्टर वाईज अंकित करने की मांग की गई। बैठक में मंच के अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल, चंडी प्रसाद डबराल, कमल सिंह महर, जगजीत सिंह नेगी, किशोर लाल चमोली, भगवान चंद रमोला, गुरुदत्त डोभाल, भरत सिंह रावत, डा यूएस नेगी, गंभीर सिंह, त्रिलोक रमोला, कर्म सिंह तोपवाल आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब की दुकान के विरोध में धरना देंगे हरीश रावत

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कौसानी में खोली गई शराब की दुकान के विरोध में नौ अगस्त को रक्षा बंधन के दिन वहां सांकेतिक विरोध प्रकट करते हुए धरना देंगे। उन्होंने ऐलान किया है कि गांधी की धरती कौसानी में शराब की दुकान बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूर्व सीएम ने गांधीवादी संगठनों से भी सांकेतिक विरोध में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस मुहिम को हम आगे भी चलाएंगे, ग्रामीण अंचलों में शराब की दुकानें बंद हों या उनकी संख्या घटाई जाए। उन्होंने कहा कि शराब पीना एक बात है और उसके लिए शराब की दुकानें खोलना, यह आम बात है। मगर गांव–गांव में शराब की दुकानें खोलना और शराब की उपलब्धता को इतना सरल बना देना कि जैसे वह शराब की दुकान न हो, दूध की दुकान हो। यह चिंता का विषय है। आज लोग शराब पी नहीं रहे हैं, शराबी हो रहे हैं और इसमें सरकार की नीति का दोष है। दूसरी तरफ सूखा नशा भी गांवों तक पहुंच रहा है, यह इस पर्वतीय राज्य के जड़ों में मट्ठा डालने जैसा है।

### आर्यन ग्रुप ने प्रशिक्षु छात्र–छात्राओं को नवाजा

देहरादून। आर्यन ग्रुप एनजीओ की ओर से रविवार को यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज प्रशिक्षु छात्र–छात्राओं को दो माह के सामाजिक कार्य अनुभव के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि शिक्षाविद् एवं उद्यमी डॉ. एस फारूक ने बचपन से लेकर एक सफल उद्यमी और समाजसेवी बनने की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। आर्यन ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष फैजी अलीम खान ने बताया कि ये छात्र पिछले दो महीनों से आर्यन ग्रुप के साथ प्रशिक्षण के दौरान सपेरा बस्ती, कथबंगला बस्ती, नगाल बस्ती और चेतना बस्ती जैसे वंचित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया। इस दौरान तान्या चौहान, आकाश नेगी, मयंक सैनी, आयुषी राणा, यश नेगी, शौर्य वर्धन, वेदांश अग्रवाल और शौर्य पुरोहित, उपाध्यक्ष उपासना वर्मा, प्रकाश रावत और सुपोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### श्याम सुंदर मंदिर में 11 से शुरू होगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

देहरादून। श्याम सुन्दर मन्दिर पटेल नगर के तत्वाधान में 11 से 17 अगस्त तक कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव वृंदावन के आचार्य मधुर कृष्ण महाराज के सानिध्य में धूमधाम से मनाया जाएगा ' कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र चड्ढा ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 11 अगस्त को साय पांच बजे भव्य शोभा यात्रा से होगा, 12 से 15 अगस्त को प्रतिदिन साय पांच बजे से भक्तमाल की कथा होगी, 16 अगस्त को रात्रि आठ से बारह बजे तक कृष्ण जन्माष्टमी का विशेष महोत्सव होगा, 17 अगस्त को साय पांच बजे से नंदोत्सव मनाया जाएगा। इसी के साथ 21 अगस्त को छठी उत्सव एवं 31 अगस्त को राधा अष्टमी का आयोजन होगा। मंदिर प्रधान अवतार मुनियाल की अध्यक्षता एवं महामंत्री गोविंद मोहन के संचालन में हुई मंदिर समिति की बैठक में सभी धार्मिक संस्थाओं से 16 अगस्त को ही कृष्ण जन्माष्टमी मनाने की अपील की गई है। बैठक में मनोज सूरी, चंद्र मोहन आनंद, तेजेन्द्र हरजाई, ओम प्रकाश सूरी, यशपाल मग्गो, राजू गोलानी, मनिंदर पाल कपूर, प्रेम भाटिया, वीरेन्द्र कपूर, गुलशन नंदा, विनोद कपूर, संजय मेहता, बृजेश भाटिया, निशांत सिंघला, रूपेश सूरी मौजूद रहे।

### मातृ सम्मेलन का आयोजित किया

विकासनगर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई यमुना कॉलोनी डाकपत्थर में रविवार को मातृ सम्मेलन का आयोजित किया गया। जिसमें मातृ शक्ति ने अपने बच्चों के विकास के लिए कई सुझाव दिए। सम्मेलन में बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास के लिए शिक्षकों और मातृशक्ति ने आपसी संवाद बनाए रखने का निर्णय लिया। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि रक्षा चौहान, प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद जखमोला ने मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा किआज के समय में अभिभावकों में मां का दायरा बहुत बढ़ गया है। मां ही बच्चे की पहली शिक्षक होती है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ बच्चे को इंसान बनाने की प्रक्रिया ही शिक्षा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यालय की कार्य योजना अभिभावकों के समक्ष रखी। उन्हानें विद्या भारती के लक्ष्य तथा विद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्या भारती के विद्यालय संस्कारवान शिक्षा देने के साथ–साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी दे रहे हैं।

# रक्षाबंधन समारोह 2025 में सम्मिलित हुए सीएम धामी

### मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक भाई के रूप में मातृशक्ति की सेवा में सीएम धामी

देहरादून। सीएम धामी ने कहा कि वे एक मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक भाई के रूप में माताओं–बहनों की सेवा में उपस्थित हैं। उन्होंने अपील की कि प्रदेश की किसी भी बहन–बेटी को कभी भी कोई परेशानी हो तो वो सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय में संपर्क करें, मुख्यमंत्री का प्रयास रहेगा कि वे स्वयं माताओं व बहनों की परेशानी का संज्ञान लेकर उसका निस्तारण कर एक भाई होने का कर्तव्य निभा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम ग्रामीण महिलाओं की आजीविका में वृद्धि के लिए जल्द ही जल सखी योजना शुरू करने जा रहे हैं। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति का काम महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंपने की भी तैयारी की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में नए कनेक्शन, बिल वितरण, बिल वसूली और योजनाओं के रखरखाव का काम, भी आउटसोर्स के आधार पर महिला समूहों को दिया जाएगा। ये सब केवल योजनाएं नहीं हैं, बल्कि ये बहनों के प्रति मेरी जिम्मेदारी और प्रेम है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की उपस्थिति में हरबंस कपूर मेमोरियल कम्युनिटी हॉल, गढ़ीकैंट, देहरादून में आयोजित रक्षाबंधन समारोह 2025 में सम्मिलित हुए।

रक्षाबंधन समारोह में प्रदेशभर से भारी संख्या में उपस्थित माताओं व बहनों को रक्षाबंधन की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पंचायत चुनावों में व्यापक समर्थन देने के लिए समस्त उत्तराखंड वासियों का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि



उत्तराखंड की मातृ शक्ति के प्रेम और आशीर्वाद से उन्हें प्रदेश की और अधिक सेवा करने हेतु भरपूर ऊर्जा मिल रही है। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन का पर्व पारस्परिक प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक पर्व होने के साथ ही हमें हमारे सामाजिक कर्तव्यों का बोध करवाने वाला त्योहार भी है जो बहनों के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बेटियों एवं महिलाओं को हर प्रकार से सक्षम, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रहे हैं। जहां एक ओर बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और उज्वला योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मोदी सरकार देश की बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने तीन तलाक जैसी कुप्रथा का अंत करने के साथ–साथ, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, शौचालयों के निर्माण, आवास योजना के तहत महिलाओं को प्राथमिकता, मातृत्व अवकाश में वृद्धि तथा बेटियों के लिए सेना और सैनिक स्कूलों का रास्ता खुलवाकर उन्हें सशक्त बनाने का काम भी किया है। इसी का नतीजा है कि देश की महिलाएं खेत में अनाज उगाने से लेकर अंतरिक्ष प्रोग्रामों का हिस्सा बनने तक और खेलों में मेडल लाने से लेकर सेना में कमान संभालने तक, हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में हमारी प्रदेश सरकार भी मातृशक्ति के उत्थान एवं सशक्तिकरण हेतु संकल्पित होकर कार्य कर रही है। हमनें सरकारी नौकरियों में प्रदेश की महिलाओं को 30 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देकर रोजगार के क्षेत्र में मातृ शक्ति की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमनें स्वयं सहायता समूहों को करोड़ों रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। प्रदेश की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद हमारे ह्लह्लहाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांडह्लह्ल के जरिए आज विश्व के कोने–कोने तक पहुंच रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला समूहों ने अपने मेहनत और आत्मबल के दम पर उद्यमिता के क्षेत्र में अपार सफलताएं हासिल की हैं। हमारे राज्य में लखपति दीदी योजना के अंतर्गत प्रदेश में 1.63 लाख से अधिक बहनों का लखपति दीदी बनना यह बताता है कि प्रदेश की बहने किसी से भी कम नहीं हैं। महिला समूहों की आजीविका को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना से 30 हजार से अधिक महिलाएं लाभान्वित होकर 5 करोड़ रुपए से अधिक का करोबार कर चुकी हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में उन्हें हर घर शौचालय तथा जल जीवन मिशन जैसी महिलाओं के कल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में देशभर में महिला सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। सभी योजनाएं महिलाओं को केंद्र में रखकर बनाई जा रही है।

## रुद्रप्रयाग जिले के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने की सीएम धामी से भेंट



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कैंप कार्यालय, मुख्यमंत्री आवास में विधायक भरत सिंह चौधरी के नेतृत्व में आए रुद्रप्रयाग जिले के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी विजेताओं को नए दायित्व हेतु शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा हम सबने मिलकर राज्य की जनता के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा हमारा यह कर्तव्य होना चाहिए कि आगे बढ़कर हम सभी अपनी पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाएं। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्रों के विकसित होने से ही राज्य विकसित होगा। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे उत्तराखंड राज्य को आगे ले जाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें।

### श्री जाहरवीर गोगा और गुरु गोरखनाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली

विकासनगर। गुरु गोरख धाम गोगामेड़ी सेलाकुई से रविवार को जाहरवीर गोगा और गुरु गोरखनाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर की परिक्रमा के दौरान नगर के लोगों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया। यात्रा में गोगा जी सेवा समिति के सदस्यों के साथ ही आम लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। गोरखधाम से शुरू हुई शोभा यात्रा से पूर्व गोरा गोगामेड़ी पर झंडा चढ़ाकर छड़ी पूजन किया गया। इसके बाद पवित्र ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। शोभायात्रा पुरबिया लाइन, गोरखा बस्ती, बंजारा गली, नगर निगम रोड ,हरीपुर से मुख्य बाजार होते हुए वापस गोरखधाम में समाप्त हुई। शोभायात्रा में कई झांकियां भी शामिल थी। सबसे आगे गोगाजी की पवित्र छड़ियां और डमरू बजाते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। नगर के कई स्थानों पर इस शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के लिए कई जगहों पर मीठे शीतल पेय का प्रबंध किया था। धाम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## राज्य आंदोलनकारियों की समस्याओं को दूर करे सरकार

ऋषिकेश। दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू नहीं होने पर राज्य आंदोलनकारियों ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने मौन पालन परिषद के उपाध्यक्ष दायित्वधारी गिरीश डोभाल को समस्याएं गिनवाकर सरकार से पांच सूत्री मांगों पर जल्द कार्यवाही करने की मांग की। रविवार को नगर निगम परिसर स्थित स्व. इंद्रमणि बडोनी हॉल में राज्य आंदोलनकारियों की बैठक हुई। बैठक में पहुंचे मौन पालन परिषद के उपाध्यक्ष दायित्वधारी गिरीश डोभाल का फूल–मालाओं से स्वागत किया गया। राज्य निर्माण सेनानी शहीद स्मारक समिति के अध्यक्ष डीएस गुसाईं ने उनके समक्ष राज्य निर्माण सेनानियों की पांच सूत्रीय मांग रखी और उन्हें मांगपत्र भी सौंपा। कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को अतिशीघ्र लागू किया जाए। छूटे हुए राज्य आंदोलनकारियों का चिन्हीकरण किया जाए। विश्वविद्यालयों में राज्य आंदोलनकारियों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जानी चाहिए। अस्पतालों में राज्य आंदोलनकारियों के लिए निशुल्क ओपीडी की व्यवस्था की जाए। कहा कि 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का मुद्दा सरकार की उचित पैरवी नहीं होने के कारण न्यायालय में लंबित है। दायित्वधारी गिरीश डोभाल ने कहा कि इन मांगों पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से जल्द वार्ता कर मांगों पर उचित विचार किया जाएगा। कहा कि यह काम आपका नहीं मेरा है, उत्तराखंड के शहीदों के सपनों को हम बेकार नहीं जाने देंगे। उनकी शहादतों के बाद ही हमें भी आगे बढ़ने का मौका मिला है। उन्होंने सभी को मौन पालन विभाग से संबंधित योजनाओं और इससे आय बढ़ाने की जानकारियां भी दीं। मौके पर बलवीर सिंह नेगी, गंभीर सिंह मेवाड़, विक्रम भंडारी, युद्धवीर सिंह चौहान, चंदन सिंह पंवार, संजय शास्त्री, राजेश शर्मा, रूकम पोखरियाल, राजेंद्र कोठारी, जगदंबा भट्ट, बेताल सिंह, सत्य प्रकाश जखमोला, महादेव रांगड़, बृजेश डोभाल, अंजू गैरोला, सुशीला पोखरियाल, जयंती नेगी, मुन्नी ध्यानी, जया डोभाल, रविंदर कौर, यशोदा नेगी, प्रमिला रमोला, सतेश्वरी, जगदंबा देवी, रोशनी देवी, सीमा पाल, शीला ध्यानी आदि उपस्थित रहे। एक समान पेंशन देने की भी मांग उठाई उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद के अध्यक्ष सुभाष बड़थ्वाल से मुलाकात की। उनके समक्ष राज्य आंदोलनकारियों को एक समान पेंशन देने, छूटे हुए आंदोलनकारी के चिन्नीकारण, पेंशन वृद्धि, उत्तराखंड के अधीन समस्त विवि में आंदोलनकारियों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने, देहरादून व अन्य शहीद स्मारक को पहाड़ी शैली में भव्य रूप से बनवाने आदि की मांग की।

## मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में हुई कुरुड़ में नंदा देवी राजजात की समीक्षा बैठक

चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में रविवार को जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आगामी नंदा देवी राजजात यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव कुरुड़ का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों पर विचार विमर्श कर चर्चा की। इस दौरान गांव के प्रवेश द्वार पर महिलाओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर जिलाधिकारी का पारंपरिक स्वागत किया।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने नंदा देवी राजराजेश्वरी सिद्धपीठ मंदिर में पूजा–अर्चना कर समस्त ग्रामवासियों के सुख–समृद्धि एवं यात्रा की सफल सम्पन्नता की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक हरेंद्र सिंह रावत ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी का स्वागत कर कुरुड़ मंदिर समिति की ओर से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि राजजात का शुभारम्भ कुरुड़ से किया जाए,नंदा देवी राजजात को ह्य नंदा देवी बड़ीजातह्न के रूप में



मान्यता दी जाए, कुरुड़ को राज्य के पर्यटन मानचित्र में स्थान दिया जाए तथा सभी पड़ावों को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जाए।

इस पर जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामवासियों की सभी मांगों का संज्ञान लेते हुए शासन को पत्र प्रेषित किये जाने के साथ ही सचिव पर्यटन महोदय को अवगत करा दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि नंदा देवी राजजात यात्रा की व्यवस्था इस प्रकार सुनिश्चित की जाए कि आने वाले श्रद्धालु प्रदेश एवं जनपद की सकारात्मक छवि अपने साथ लेकर जाएं। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी सहयोग की अपील की।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का आंकलन करें और स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर पार्किंग स्थल का चिन्हिकरण ,मंदिर

सौंदरीकरण,पैदल रास्तों का सुधार, विश्राम गृहों का निर्माण, शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था, सुरक्षात्मक कार्यों और नाली निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि 2026 में आयोजित होने वाली प्रमुख नंदा देवी राजजात के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।इस अवसर पर जन प्रतिनिधि दलवीर दानू ने कहा कि नंदा देवी राजजात के आयोजन हेतु एक ह्यअम्ब्रेला समितिह्न का गठन किया जाए, जिसमें सभी संबंधित मंदिर समितियां शामिल हो। साथ ही कुरुड़ क्षेत्र को पर्यटन के मानचित्र में स्थान देने की बात कही।

### ज्यादा बारिश से करेले की पैदावार पर हुआ असर, किसान परेशान

विकासनगर। मानसून की बारिश जहां फसलों के लिए अमृत मानी जाती है, वहीं कुछ सब्जियों के लिए नुकसानदायक भी बन सकती है। इन दिनों ज्यादा बारिश से करेले के फल पूरी तरह विकसित होने से पहले ही पीले पड़ रहे हैं, जिससे करेले की पैदावार पर सीधा असर पड़ रहा है और किसानों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। यह समस्या खासतौर पर देहरादून के मैदानी क्षेत्रों में देखने को मिल रही है। इस स्थिति में करेला न तो पूरी तरह विकसित हो पाता है, न ही उसका स्वाद या औषधीय गुण बने रहते हैं। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि समय से पहले फल पकना मौसमीय बदलाव, अधिक बारिश, पोषक तत्वों की कमी, और कीट–रोगों के प्रकोप के कारण हो सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र, ढकरानी के वैज्ञानिक डॉ. भूपेन्द्र सिंह खड़ायत बताते हैं कि लगातार बारिश से आवश्यक पोषक तत्व पोटाश और बोरान बह जाते हैं। इनकी कमी से करेले के पौधों में एथिलीन नामक हार्मोन अधिक बनने लगता है, जिस कारण फल जल्दी पकने लगते है। लगातार बादल और बारिश से पौधों में प्रकाश संश्लेषण भी कम होता है।

## चुनाव आयोग ने बदली स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों की तस्वीर

विकासनगर। पंचायत चुनाव ने सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के खस्ताहाल भवनों की रंगत भी बदल दी। बदरंग और बदहाल हो चुके इन भवनों में मतदान से पहले मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही सुधारीकरण कार्य भी कराया गया। पानी के इंतजाम से लेकर शौचालय की व्यवस्था दुरस्त की गई। निर्वाचन आयोग ने ज्यादातर स्कूल भवनों और आंगनबाड़ी केंद्रों में मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिसके चलते लंबे समय से जर्जर इन भवनों की रंगत बदली। मतदान से पूर्व स्कूल भवनों और आंगनबाड़ी केंद्रों में मेंटेनेंस का काम किया गया। कई आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली के कनेक्शन नहीं थे, जबकि स्कूलों में बिजली की लाइनें जर्जर थी। बिजली के कनेक्शन लगाने के साथ ही जर्जर लाइनों की मरम्मत की गई। कुछ स्कूल भवनों में पानी की नई लाइन बिछाई गई। पछुवादून में 24 और 28 जुलाई को हुए पंचायत चुनाव में मतदान के बाद भले ही कई प्रत्याशियों के अरमानों पर पानी फिर गया हो, लेकिन चुनाव ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को काफी हद तक राहत दी है। चुनाव के बहाने मतदान केंद्र वाले सरकारी स्कूलों की दशा सुधरी है। पंचायत चुनाव के लिए सहसपुर, विकासनगर, कालसी, चकराता ब्लॉक के कुल 430 स्कूलों को मतदान केंद्र बनाया गया था। मतदान से पहले निर्वाचन आयोग ने इन स्कूल भवनों की दशा सुधारने, मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए थे। चुनाव को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था लेकर टूटे दरवाजे, खिड़कियों की मरम्मत की गई।

## डीएम और एसएसपी ने किया हरकी पैड़ी क्षेत्र का भ्रमण



हरिद्वार। आज रविवार को जिलाधिकारी हरिद्वार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा हरकी पैड़ी क्षेत्र का निरीक्षण/भ्रमण किया गया। रविवार को भीड़ के दृष्टिगत क्षेत्र में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, सफाई, यातायात प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण की तैयारियों का जायज़ा लिया गया।

### घराट गली की क्षतिग्रस्त रोड बनी जी का जंजाल

ऋषिकेश। डोईवाला नगर चौक स्थित वार्ड नंबर 13 की घराट गली में टूटी रोड जी का जंजाल बन गई है। लोगों को क्षतिग्रस्त सड़क में आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यहां सड़क के दोनों ओर क्षतिग्रस्त नालियां, गली के मुख्य प्रवेश पर टूटी पुलिया दुर्घटना को निमंत्रण दे रही है। दरअसल, दो माह पूर्व इस गली में जल संस्थान की ओर से ढाई सौ मीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई गई थी। पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क को खोदकर टाइल्स हटाई गई। इस कार्य में गली के रोड की नालियां और पुलिया भी टूट गई थी। पाइपलाइन बिछाने के दो महीने बाद भी सड़क और नालियों को जल संस्थान द्वारा ठीक नहीं किया गया।

## स्यानाचट्टी में चैनेलाइजेशन के लिए पहुंचाई पोकलेन मशीन

उत्तरकाशी। स्यानाचट्टी में अतिवृष्टि एवं भूस्खलन के कारण यमुना नदी में जमा मलबे को हटाने और नदी को चैनेलाइज करने को लेकर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने स्यानाचट्टी के लिए अतरिक्त पोकलेन मशीन भेज दी है। जिसके बाद वर्तमान में दोनों पोकलेन मशीनों द्वारा कार्य गतिमान है। जल्द ही स्थिति सामान्य कर दी जायेगी। बीती 28 जून को तहसील बड़कोट अंतर्गत स्यानाचट्टी एवं आस पास के क्षेत्र में बादल फटने के कारण बरसाती गदेरों में अत्यधिक मलबा आ गया जो स्यानाचट्टी के पास यमुना नदी में एकत्रित हो गया था। जिससे नदी का जल स्तर काफी ऊपर आ गया तथा मलबा जमा हो गया है। यहां सही से जल निकासी न होने के कारण नदी झील का रूप ले रही है। नदी का



जल स्तर बढ़ने से यहां के मकानों व होटलों में पानी भर रहा है, जिससे भवनों को खतरा पैदा हो गया है। गत दिवस थानीय स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिसमें उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि नदी में जमा इस मलबे को तत्काल निकालने और रिवर चैनलाइजेशन का कार्य तुरंत प्रारंभ न किया गया तो, स्यानाचट्टी की स्थानीय जनता सात अगस्त से अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठेगी। इसके साथ ही यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम करेगी। जिसका संज्ञान लेते हुए डीएम प्रशांत आर्य ने अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड पुरोला को स्यानाचट्टी के नजदीक चैनेलाइजेशन का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए थे। चैनेलाइजेशन के कार्य में तेज़ी लाने के लिए शनिवार सुबह स्यानाचट्टी के लिए अतरिक्त पोकलेन मशीन भेजी गई। सिंचाई विभाग द्वारा अवगत कराया गया है कि चैनेलाइजेशन हेतु एक अन्य पॉकलेन मशीन को शनिवार शाम को स्यानाचट्टी पहुंचा दी गई है।

# नीलकंठ धाम में जलाभिषेक को उमड़ी भीड़

ऋषिकेश। सावन के सोमवार को लेकर नीलकंठ धाम में रविवार से ही शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो गई। पुलिस प्रशासन के दावों के मुताबिक रविवार को तीन लाख से ज्यादा भोलेभक्तों ने महादेव का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। देर रात तक भक्तों को नीलकंठ धाम पहुंचने का क्रम जारी था। रविवार को नीलकंठ धाम में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिसके चलते मंदिर परिसर और यात्रा मार्ग पर तैनात पुलिसकर्मी अलर्ट हो गए। उन्होंने भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करते हुए ट्रैफिक को भी सुचारु रखने में जद्दोजहद की। देर शाम तक तीन लाख भक्त नीलकंठ महादेव का गंगाजल से अभिषेक कर चुके थे, जबकि यह सिलसिला देर रात तक जारी था। पैदल मार्ग पर भी भक्तों के जत्थे पहुंचने से



राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क के वनकर्मी भी अलर्ट दिखे। उन्होंने वन्यजीव बाहुल्य मार्ग पर भक्तों को जागरूक करते हुए सुरक्षित आवागमन कराया। वहीं, शिवभक्तों के हुजूम से रामझूला और जानकी सेतु भी पूरी तरह से पैक दिखा। पूर्णानंद पार्किंग भी भोलेभक्तों के वाहनों से अटी रही। बोल बम–बम के जयकारों के साथ शिवभक्तों के जत्थों के गुजरने से मुनिकीरेती और स्वर्गाश्रम क्षेत्र पूरी तरह से गुंजायमान रहा। थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल ने बताया कि सावन के सोमवार को लेकर नीलकंठ मेला क्षेत्र में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं। रविवार को भी तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालु नीलकंठ पहुंचे। इनमें ज्यादातर हरिद्वार और यूपी के आसपास के जिलों के श्रद्धालु थे। भीड़ नियंत्रण को लेकर पुलिस अलर्ट नीलकंठ धाम में सोमवार को पुलिस ने पांच लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई है, जिसके लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था जुटा ली गई है। मोटर से लेकर पैदल मार्ग पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पैदल मार्ग राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क के वनकर्मियों की संख्या को बढ़ाया गया है। हथियारों से लैस वनकर्मियों को यहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए लगाया जा रहा है। वन्यजीव बाहुल्य मार्ग पर शिवभक्तों को भी लगातार सतर्क करने के निर्देश निदेशक कोकोरोसे ने गौहरी रेंज के वन अधिकारियों को दिए हैं।

## रैली निकाल लोगों को अंगदान के प्रति किया जागरूक

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश में रविवार को भारतीय अंगदान दिवस की 15वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस दौरान रैली निकाल कर क्षेत्रवासियों को अंगदान के प्रति जागरूक किया गया। एम्स की निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि एक व्यक्ति के अंगदान करने से जरूरतमंदों की जिंदगी बचाई जा सकती है। एम्स ऋषिकेश में लायंस क्लब ऋषिकेश देवभूमि की ओर से आयोजित अंगदान जागरूकता रैली का शुभारंभ एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि अंगदान के जरिए कई जरूरतमंदों को विशेष अंग प्राप्त हो पाते हैं और उन्हें एक नया जीवन मिल जाता है। क्लब अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने कहा कि जैसे–जैसे बीमारियों की संख्या बढ़ रही है, वैसे–वैसे चिकित्सा विज्ञान में भी नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति के शरीर का कोई अंग खराब हो जाए और ब्रेन डेथ की स्थिति में किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा वही अंगदान किया जाए, तो उसकी जान बचाई जा सकती है। एक ब्रेन डेथ व्यक्ति के अंगों से हम लगभग दस लोगों का जीवन बचा सकते हैं। इस दौरान एम्स गेट से निकली रैली आस्थापथ, बैराज कॉलोनी व आसपास क्षेत्र से वापस एम्स परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में दो सौ से अधिक प्रतिभागियों ने शिरकत की। मौके पर डॉ. रोहित गुप्ता, डॉ. अंकुर मित्तल, प्रो. रश्मि मल्होत्रा, डॉ. लोकेश अरोड़ा, डॉ. विकास पंवार, डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. शैरॉन कंडारी, डॉ. दिलीप कुमार, मोहन फाउंडेशन के प्रोजेक्ट लीडर संचित अरोड़ा, गोपाल नारंग, राजेंद्र गुरेजा, गुलशन चांदानी, कमल कालड़ा, सुरेंद्र कथूरिया, राजकुमार बालयान, महेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338